

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 333 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 20 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# महिला आरक्षण बिल: बिहार के महागठबंधन में दरार ?

## RJD का ऐतराज, नीतीश कुमार ने दिल खोल किया समर्थन

पटना. केंद्र की मोदी सरकार ने नए संसद में महिला आरक्षण बिल पेश कर दिया, जिसके बाद देश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. इस बिल को लेकर INDIA गठबंधन के सहयोगियों के भी अलग-अलग बयान आने लगे हैं लेकिन इसी बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला आरक्षण बिल का स्वागत कर महागठबंधन और INDIA में हलचल तेज कर दी है.

दरअसल नीतीश कुमार ने पर ट्वीट कर जो लिखा है वो बेहद महत्वपूर्ण है और माना जा रहा है कि नीतीश कुमार ने मोदी सरकार के फैसले का समर्थन कर बड़े राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है. नीतीश कुमार ने लिखा है कि संसद में जो महिला आरक्षण बिल लाया गया है, वह स्वागत योग्य कदम है. हम शुरू से ही महिला सशक्तीकरण के हिमायती रहे हैं और बिहार में हम लोगों ने कई ऐतिहासिक कदम उठाये हैं. वर्ष 2006 से हमने पंचायती राज संस्थाओं और वर्ष 2007 से नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया.

नीतीश कुमार ने आगे लिखा है कि वर्ष 2006 से ही प्रारंभिक शिक्षक नियोजन में महिलाओं को 50 प्रतिशत और वर्ष 2016 से सभी सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है. वर्ष 2013 से बिहार पुलिस में भी महिलाओं को 35 प्रतिशत



आरक्षण दिया जा रहा है. आज बिहार पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी देश में सर्वाधिक है. बिहार में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के अन्तर्गत नामांकन में न्यूनतम 33 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिये आरक्षित की गयी हैं. ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है.

नीतीश कुमार ने लिखा है कि हमलोगों ने वर्ष 2006 में राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन के लिए परियोजना शुरू की जिसका नामकरण "जीविका" किया. बाद में तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा इसकी तर्ज पर महिलाओं के लिए आजीविका कार्यक्रम चलाया गया. बिहार में अब तक 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिसमें 1 करोड़ 30 लाख से भी अधिक महिलाएं जुड़कर जीविका दीदियां बन गयी हैं.

नीतीश कुमार आगे लिखते है की हमारा मानना है कि संसद में महिला आरक्षण के दायरे में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की तरह पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिये भी आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिये.

प्रस्तावित बिल में यह कहा गया है कि पहले जनगणना होगी तथा उसके पश्चात निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन होगा तथा इसके बाद ही इस प्रस्तावित बिल के प्रावधान लागू होंगे। इसके लिए जनगणना का काम शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए. नीतीश कुमार केंद्र से आग्रह करते भी दिखे कि जनगणना तो वर्ष 2021 में ही हो जानी चाहिए थी परन्तु यह अभी तक नहीं हो सकी है. जनगणना के साथ जातिगत जनगणना भी करानी चाहिए तभी इसका सही फायदा महिलाओं को मिलेगा.

यदि जातिगत जनगणना हुई होती तो पिछड़े एवं अतिपिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था को तुरंत लागू किया जा सकता था, वहीं महिला आरक्षण को लेकर आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा का मानना है कि एससी-एसटी के साथ ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण मिले, कोटा विदिन कोटा में समायोजन नहीं होगा तो सारी बातें बेमानी होगी 2029 में होगा या 2034 में होगा कुछ भी क्लियर नहीं है.

## लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल का महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पर शुभकामना संदेश

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । महापौर सुषमा खर्कवाल ने संसद द्वारा महिला आरक्षण बिल पास होने पर हर्ष व्यक्त किया।



उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद देते हुए इसे राजनीति का अमृत काल बताया।

महापौर ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि तीन दशकों की अटकलों के बाद महिला आरक्षण बिल को (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) आज नए संसद भवन में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पेश किया, जिसे ध्वनिमत के जरिए लोकसभा से पास किया गया। दोनों सदनों से इस बिल के पास होते ही संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तय हो जाएगा। इस बिल से अब विधान सभाओं और लोकसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। महापौर ने कहा कि यह बिल विकसित भारत की अवधारणा है। नारी शक्ति को यह वंदन हमारी 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' की नीति का परिणाम है। हम जब यह कहते हैं जो पहले नहीं हुआ वो अब हो रहा तो उसका कारण ऐसे कलजायी फैसले हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्वला योजना, समर्थ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन और सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना जैसी तमाम स्कीम हैं जिनके माध्यम से हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है।

## केरल पर अभी नहीं टला निपाह का खतरा...CM पिनराई विजयन

तिरुवनंतपुरम. केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि कोझिकोड जिले में निपाह का प्रकोप नियंत्रण में है, लेकिन संक्रामक बीमारी का खतरा अभी टला नहीं है. उन्होंने कहा कि फिलहाल निपाह प्रकोप की दूसरी लहर की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, "यह नहीं कहा जा सकता कि निपाह का खतरा पूरी तरह टल गया है." विजयन ने कहा कि राज्य का स्वास्थ्य तंत्र घातक वायरस के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोक सकता है. 'स्वास्थ्य तंत्र सावधानी से काम कर रहा है. वायरस का जल्दी पता चलने से खतरनाक स्थिति टल गई.'

हरियाणा में टोलप्लाजा कर्मी गुंडागर्दी पर उतारू, सत्तारूढ़ भाजपा के कार्यकताओं की बंद गुंडागर्दी और पंजाब की तरह हों टोल खत्म

## अर्थव्यवस्था की दृष्टि से हरियाणा पर बढ़ा 3 लाख करोड़ का भारी भरकम कर्ज- अशोक तंवर

### सरकार के सभी किए वादे रहे धरे के धरे- अशोक तंवर

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर ने मंगलवार को प्रचार समिति, आम आदमी पार्टी के कार्यालय का शुभारंभ किया और उसके बाद प्रेसवार्ता की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं, दुकानदारों, मजदूरों और व्यापारियों से वादे किए, लेकिन वो वादे ऐसे ही धरे रह गए। ऐसे में साढ़े नौ वर्ष बीतने के बाद देश और प्रदेश की जनता परिवर्तन करने का मन बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि जहाँ प्रदेश में हर कोई धरने प्रदर्शन कर रहा है, वहीं प्रदेश में जितने भी टोल प्लाजा हैं वो गुंडागर्दी का पर्याय बन गए हैं। उन्होंने कहा कि खरखौदा के गांव टोल प्लाजा पर टोल मांगने पर सोनीपत के भाजपा जिला अध्यक्ष और ब्लॉक समिति अध्यक्ष की गुंडागर्दी पूरे प्रदेश ने देखी। गन्नौर के भिगान टोल प्लाजा के कर्मियों ने महिला और एक व्यक्ति को दौड़ा- दौड़ा कर पीटा, वहीं नांगल चौधरी के सिरोही बहाली टोल प्लाजा के कर्मियों ने किसानों के साथ मारपीट की। ऐसे टोलों को बंद कर देना चाहिए ताकि टोलकर्मियों और सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के कार्यकताओं की गुंडागर्दी बंद हो सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने लगभग 18 महीने में 12 टोल खत्म कर दिए हैं। उन्होंने खट्टर सरकार



से हरियाणा टोल बंद करने की मांग की।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश पर लगभग 3 लाख करोड़ का कर्जा हो तो इससे समझा जा सकता है कि उसकी मली हालत क्या होगी। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पूरे देश में हरियाणा की चौथे नंबर पर सबसे खराब परफॉर्मिंग हैं।

हरियाणा के राजस्व का 20 फीसदी कर्ज के ब्याज पर खर्च होता है। इसके बावजूद ये इतनी बेशर्म सरकार है कि न ये अर्थव्यवस्था ठीक रख सकते और न व्यवस्था ठीक रख सकते। बार बार बिजली आंदोलन चल रहा है फिर भी बिजली नहीं आती और कहते हैं बिजली की कोई दिक्कत नहीं है। प्रदेश की जनता को प्रमाण की जरूरत नहीं है कि आज हरियाणा के हालात क्या हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेश में बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। जब इसकी शुरूआत हुई थी तो केवल नाम का संगठन था, लेकिन अब काम का संगठन तैयार हो गया है। अब ऐसा संगठन तैयार हो गया है जिसकी एक मजबूत आधारशिला है। आम आदमी पार्टी की लोकसभा, जिला और ब्लॉक स्तर की कमेटियां बन गई हैं। इसके अलावा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, छात्रों, मजदूरों और किसानों का संगठन बनकर तैयार हो गया है। पिछले दिनों सर्कल इंचार्ज बनाए गए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भिवानी से परिवार जोड़ो अभियान का आह्वान किया था। एक पार्टी इस देश, प्रदेश और परिवारों को तोड़ने में लगी हुई है और जो विपक्ष में बैठी है वो पार्टी देख रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी का परिवार जोड़ो अभियान में जोर शोरों से चला हुआ है। इसके बाद वार्ड और पंचायत स्तर पर 21 सदसीय कमेटी बनाई जाएगी। ये 21 सदस्यीय कमेटी पन्ना प्रमुखों के पन्ने फाड़ देगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि प्रदेश के हर गांव में आम आदमी पार्टी के कार्यालय खोलने हैं। ताकि लोग अपनी शिकायत और परेशानियां हमें बता सकें। उन्होंने कहा कि जिस दिन अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के दो लाख से ज्यादा कार्यकताओं को शपथ दिलाने आएंगे, उस दिन स्पष्ट हो जाएगा कि आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है। 2024 में पूर्ण बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

इस मौके पर लोकसभा प्रभारी राजिंदर शर्मा, जिला प्रभारी हरिंदर भाटी, लोकसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी परवेश मेहता, स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी राकेश भड़ाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज प्रेमी, , हरदीप, जीत ठाकुर, विनोद भाटी, महावीर तंवर और धर्मबीर भड़ाना मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण बिल पर घमासान, जनप्रतिनिधी किसने क्या कहा ?

दैनिक समाज जागरण

भाजपा द्वारा लोकसभा में महिला सशक्ति बिल लाने की प्रतिक्रिया पर जदयू प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार राव ने कहा कि नीतीश सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिसाल पेश की है ,सरकार की शानदार आरक्षण नीति की वजह से आज हर क्षेत्र में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है. वहीं दूसरी तरफ गया जिला राजद के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव ने महिला सशक्तिकरण बिल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है, जनता को महिला सशक्तिकरण बिल को पास करने की बात कर चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है. जबकि भाजपा सरकार की मनसा महिला सशक्ति बिल के प्रति साफ नहीं है . उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण बिल



अरुण कुमार राव जदयू प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी

पास करवाना चाहती है तो महिलाओं की आरक्षण देकर महिलाओं की सशक्तिकरण बिल पास करें ताकि हर जाति समुदायों की महिलाओं का आरक्षण का लाभ मिल सके और अपने अधिकार का प्रयोग कर सके. भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश प्रसाद सोनी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण बिल लोकसभा में भाजपा सरकार ने लाकर महिलाओं के प्रति हक अधिकार देने का कार्य कर रही है जो स्वागत योग कम है. उन्होंने आगे कहा कि जो सरकार 50 वर्षों में कार्य को नहीं कर सके आज मोदी सरकार हर कार्य को पूरा करने में अपनी भागीदारी निभा रही है . उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण बिल महिलाओं के लिए कारगर साबित होगी. वहीं सामाजिक महिला श्रीमती सुधा आनंद ने लोकसभा में महिला सशक्तिकरण बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कार्य कई वर्ष पूर्व कर देनी चाहिए थी, लेकिन सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने महिला सशक्तिकरण बिल की मुद्दा को पास करने की जगह ठंडा बसते में रखना ज्यादा मुनासिब समझा.

## सियाचिन में महिलाएं तैनात हो सकती हैं, तो पुरुष भी सेना में नर्स हो सकते हैं, दिल्ली HC की टिप्पणी

नई दिल्ली. दिल्ली हाई कोर्ट ने सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि जब महिला अधिकारी को सियाचिन में तैनात किया जा सकता है, तो सेना में किसी पुरुष को नर्स के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है. मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ सैन्य प्रतिष्ठानों में केवल महिला नर्सों की नियुक्ति की कथित असंवैधानिक प्रथा के बारे में एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी.

केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सेना में प्रथाएं लंबे समय से चली आ रही



परंपराओं पर आधारित हैं. हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार अभी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए एक कानून लेकर आई है. पीठ ने कहा, "जी, संसद में...एक ओर आप महिलाओं को सशक्त करने की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर आप कह रहे हैं कि पुरुष की नर्स के तौर पर नियुक्ति नहीं की जा सकती. अगर एक महिला (अधिकारी) को सियाचिन में तैनात किया जा सकता है, तो एक पुरुष आर एंड आर (अस्पताल) में काम कर सकता है."

### लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिए:HC

पीठ ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल होने की अनुमति दी है और बार-बार माना है कि कोई लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिए. भाटी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार ने इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर दिया है. याचिकाकर्ता 'इंडियन प्रोफेशनल नर्सेज एसोसिएशन' की ओर से पेश वकील अमित जॉर्ज ने कहा कि अब सभी अस्पतालों में पुरुष नर्स हैं और यहां तक कि शीर्ष अदालत ने भी कहा है कि सेवाओं में लिंग के आधार पर भेद करने की प्रथा का सेना में भी कोई स्थान नहीं है.

## नई संसद के पहले दिन कंगना रनौत, ईशा गुप्ता, सपना चौधरी और बबीता फोगाट जैसी हस्तियां पहुंची मनोज तिवारी ने शेयर किया फोटो

नई दिल्ली. भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 19 सितंबर का दिन हमेशा के लिए अमर हो गया. आज भारत की संसद अपनी पुरानी इमारत से नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया. पिछले 75 साल से जिस 96 साल पुरानी इमारत में संसदीय कार्यवाही चल रही थी, उसका आज आखिरी दिन था. इस इमारत को विदाई देने पक्ष-विपक्ष के तमाम सांसद तो पहुंचे ही कई फिल्मी कलाकारों ने भी इस मौके को हाथ से जाने नहीं दिया. आज का दिन एक और मायने में भी खास है क्योंकि नई संसद में पहला विधेयक ही ह्यनारीशक्ति वंदन विधेयकक्ल को पेश किया गया. इस मौके पर कई महिलाओं के साथ फिल्मी कलाकारों ने भी देखा. नए संसद भवन में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और बीजेपी के सांसद मनोज तिवारी के साथ फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, निशा गुप्ता, लोक गायिका सपना चौधरी और रेसलर बबीता फोगाट भी नजर आईं.



कई मायने में आज का दिन अहम है. संसद की नई बिल्डिंग में केंद्र सरकार ने संसद के निचले सदन में राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई 33% आरक्षण प्रदान करने से संबंधित ऐतिहासिक ह्यनारीशक्ति वंदन विधेयकक्ल को लोकसभा के पटल पर रखा. इस महिला विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी/एसटी आरक्षित सीटों में से एक तिहाई सीटें भी महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी.

### पहले दिन ही महिला वंदन विधेयक पेश

इसे केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है. इस विधेयक में कहा गया है कि महिलाओं के लिए आरक्षण को ताजा जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू किया जाएगा, जो यह बताता है कि बदलाव 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद लागू हो सकते हैं. इसमें कहा गया है कि आरक्षण शुरू होने के 15 साल बाद प्रावधान प्रभावी रहेंगे.

**महिलाओं की भागादारी बढ़ेगी**

लोकसभा में बुधवार को भी महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक पर चर्चा शुरू होगी. लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा. आज सुबह से ही दिल्ली सहित देश के दूसरे राज्यों से महिलाएं संसद भवन पहुंचना शूरू कर दी थीं. तकरीबन 1.30 बजे से संसद की नई बिल्डिंग में कार्यवाही शूरू

## हिमंत बिस्वा सरमा ने जबरन धर्मांतरण को बताया पाप

रायपुर. असम में मदरसों को बंद करने की अपनी नीति का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सशक्तिकरण पर जोर दिया. छत्तीसगढ़ में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में हिस्सा लेने आए असम के सीएम ने कहा, "हमने असम में मदरसे बंद कर दिए, हमने कहा कि लड़कियों को इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई करनी चाहिए... असम में कुल 1500 मेडिकल सीटें हैं और 285 सीटों पर मुस्लिम बच्चे पढ़ रहे हैं इसलिए हम सशक्तिकरण की बात करते हैं. अगर ये छात्र मदरसों में पढ़ते तो ये 285 छात्र कभी डॉक्टर नहीं बन पाते, इसलिए हमें तुष्टिकरण नहीं करना चाहिए, हमें लोगों को सही दिशा दिखानी चाहिए, यही एक राजनेता का कर्तव्य है..."

हिमंत बिस्वा सरमा ने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर भी अपनी राय जाहिर की. उन्होंने रायपुर में कहा, "जिस तरह से छत्तीसगढ़ में खुलेआम धर्मांतरण हो रहा है, यह देश के लिए अच्छा नहीं है... अगर शिक्षित लोग स्वयं धर्म परिवर्तन करने का निर्णय लेते हैं, तो मुझे कोई समस्या नहीं है, लेकिन चिकित्सा सुविधाओं और शिक्षा की पेशकश करके, गरीब लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए लालच नहीं दिया जाना चाहिए, यह पाप है."

# वेदों का ज्ञान और आध्यात्मिक चिंतन

## भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति के वैश्विक प्रभाव की अपार संभावनाएं।

**दैनिक समाज जागरण**

G20 सम्मेलन में भारतीय सनातन, वैदिक चिंतन तथा संस्कारो के व्यापक प्रचार प्रसार और मॉडल बनाए जाने के फल स्वरुप भारतीय वैदिक दर्शन तथा सनातन चिंतन के वैश्विक प्रभाव में ईजफा होने की अपार संभावनाएं निहित है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंदिरों के दर्शन करके ईश्वर का आशीर्वाद भी लिया और दुनिया को दर्शा दिया है कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है तथा सनातनी तथा वैदिक संस्कृति सर्वश्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक है ।भारतीय ऋग्वेद, अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी'
गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब,
टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन सामाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो' जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो' इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।
यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है।
पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो,परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है।
इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# स्वयं अहंकार व अभिमान दूर रखना ही मार्दव धर्म

**दैनिक समाज जागरण**

बुराईयों का अभाव होने से व्यक्ति में धर्म का प्रादुभाव होता है। अन्तर्मन से क्रोध तिरोहत हो जाता है तब क्षमा गुण प्रकट होता है औ अहंकार, मान, अभिमान नष्ट हो जाने पर, मान कषाय नष्ट हो जाने पर मार्दव गुण प्रकट हो जाता है, वही धर्म का एक अंग है। मृदुता का भाव मार्दव है, सरलता है। सरल स्वभावी मार्दव स्वभावी व्यक्ति सुगति को प्राप्त होते हैं। मानी-घमण्डी लोगों के इस लोक व्यवहार में भी बहुत दुश्मन बन जाते हैं। उन्हें कोई पसंद नहीं करता। सरल-सज्जन व्यक्ति को सब लोग अच्छी निगाह से देखते हैं, उनके कार्य भी सुगमता से संपन्न होते जाते हैं।
मार्दव धर्म मान कषाय के अभाव में उत्पन्न होता है। रावण जैसा शक्तिशाली, ज्ञानी, धनवान अनेक ऋद्धियों का स्वामी, उच्च कुलीन, सुंदर, पुण्यात्मा और धार्मिक होते हुए भी अव अपने अहंकार के कारण इस लोक में निंदा को प्राप्त हुआ और मरकर पर लोक में नरक गया। जब भी मान की बात आती है तो रावण का नाम सबसे पहले लिया जाता है जिसके कारण उसने अपना सर्वस्व गंवा दिया।? मान आठ प्रकार का बताया है- धन का मान, बल का मान, बुद्धि का मान, तप का मान, उच्च कुल का मान, सुदर शरीर का मान और उच्च पद का मान। जो इन आठों को पाकर भी घमंड, अहंकार नहीं करता उसको मार्दव गुण होता है।
ज्ञान मद का प्रसिद्ध किस्सा है - एक प्रोफेसर साहब बहुत पढ़े लिखे थे। उन्हें अपनी शिक्षा का अहंकार था, वे सोचते थे, इसके बल पर कोई भी कार्य सिद्ध किया जा सकता था। एक दिन उन्हें नदी पार करने का अवसर आया, नाविक से मिले व नाव में बैठ गए। बैठते ही थोड़ी अकड़ मारने लगे, अहम् दिखाने लगे। क्यों रे, कहां रहता है, क्या करता है ? ढंग से बैठा कर। होता है किन्हीं के कपड़े ही बढ़िया होते हैं पर मन उतना हैण्डसम नहीं होता। सामने वाले की उतारने पर लगा रहता है। प्रोफेसर नाविक से पूछते हैं क्यों तुझे गणित आता है ? नाविक ने कहा, नहीं पढ़ा क्योंकि बचपन से इसी काम में लगा हूँ। प्रोफेसर साहब ने कहा ओहो ! फिर तो तू समझ तेरी 25 प्रतिशत जिन्दगी पानी में चली गई।




अब समझ गए कि पढ़ा लिखा नहीं तो आगे पूछा- तुम्हें विज्ञान - भूगोल आता है ? नाविक बिचारा गरदन झुकाते हुए संकोच से कहता है नहीं । प्रो. ने फिर कहा- 50 प्रतिशत जिंदगी पानी में गई। क्या काम का जीवन है, कुछ ज्योतिष - मंत्र- तंत्र भी आता है कि यूँ ही? नाविक ने शब्द ही पहली बार सुने थे, क्या बताता? अब तो तू गया काम से समझ ले 75 प्रतिशत जिन्दगी पानी में चली गई। यह बातें चल ही रहीं थीं इतने में नदी में तूफान आ गया। हवा के थपेड़ों के संग नाव डगमगाने लगी। अब प्रोफेसर साहब घबड़ाने लगे, नाविक ने बड़ी विनम्रता से पूछा- साब! क्या आपको तैरना आता है ? प्रो. ने कहा नहीं। मुस्कुराते हुए नाविक बोला- मेरी तो 75 प्रतिशत जिन्दगी पानी में चली गई पर आपकी तो 100 प्रतिशत जिन्दगी पानी में जाने वाली है । जीव का स्वभाव ज्ञान है, कम - ज्यादा सबके पास है, यह पक्का है पर यह मद करने के लिए नहीं, सदुपयोग करने के लिए है।
दूसरा पूजा का मद- लोक में प्राप्त पूजा-प्रतिष्ठा, आदर सम्मान, यशकीर्ति अथवा राजा-मंत्री, सेठसाहूकार आदि रूप पदों का गजब का घमण्ड होता है। कब पांसा पलटे और कब कुर्सी से उतर जाए क्या भरोसा ? जब जो मिलता है, फूलना नहीं, बल्कि अच्छे से कर्तव्य निभाना चाहिए। नादान प्राणी अपने नाम का मान करने लगते हैं।
कुल का मद- अमुक परिवार का हूँ। मेरे दादा अमुक हैं, पिता के जोर पर दूसरों पर हक जताना, रौब दिखाना ।कुल का गौरव करें, अहंकार नहीं। माता-पक्ष के गीत गाते रहते हैं। अच्छा मिल गया है सौभाग्य से। थोड़ा मिल क्या गया कि किसी को कुछ नहीं समझते। उच्च कुल वंश का अभिमान नहीं करना चाहिए। बल पर घ्मण्ड करने वाले बड़े-बड़े पहलवान नहीं रहे। अंत समय में ह्यगामा पहलवान को मक्खी उड़ाने का भी बल नहीं रहा था। एक विदेशी पहलवान को कुछ ज्यादा ही अकड़ थी, मांसाहार करता था, कहता भारतीयों को तो यूँ ही चटनी बना दूंगा। सब जानते हैं भारतीय पहलवान विजेन्द्रसिंह जो सिर्फ दूध पीता था, उसके सामने वह मांसाहारी चित्त हो गया, शाकाहारी जीत गया। परंतु ध्यान रखिये, यदि आप अपनी शक्ति का दुरुपयोग करेंगे तो प्रकृति आपका बल छीन लेगी । आचार्य श्री सुनरलसागरजी कहते हैं कि यह शाश्वत सिद्धान्त है कि मानी जीव नियम से गिरता ही है । मनोबल, वचनबल, कायबल, धनबल, जनबल, सैन्यबल, अस्त्रबल, मित्रबल आदि सभी क्षयोपशमिक हैं जो घटता-बढ़ता है, अनन्त वीर्यपना शाश्वत है ।
शरीर मद- शरीर के मद का कभी कभी गजब का पागलपन देखने को मिलता है। उसका मद करना ठीक नहीं है। जो आज विश्वसुंदरी हैं, कल उन्हें पीछे रह जाना है। वपु अर्थात शरीर का मद नहीं करें, दान करें, यात्रा करें, धर्मध्यान करें, व्रतों का पालन करें। मद इतनी जल्दी पीछा नहीं छोड़ता। तप मद- मान लो, शरीर को अनशनादि की तपस्या कर सदुपयोग भी किया तो भी मन में कहीं तप का मद आ जाता है, ह्यमैंने इतने उपवास किएह्न, अमुक नीरस किए तो फिर तमुक जो नहीं करता उसका उपहास कर देते हैं। ऐसा मद फिर सम्यग्दर्शन का घात करता है। एक मुनिराज के तप के घमण्ड के कारण पूरी द्वारिका नगरी भस्म हो गई थी और वे स्वयं उसमें भस्म हो गये थे। रावण जैसों का घ्मण्ड नहीं रहा, सामान्य व्यक्ति की तो बात ही कहां है। मद-मान-घमण्ड कभी अच्छा नहीं होता, इनका त्याग करना सरल वृत्ति अपनाना ही मार्दव धर्म है।



**-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज'**

# गाओ, मंगल गाओ महिलाओ

**दैनिक समाज जागरण**

संसद के विशेष सत्र को लेकर रहस्य और रोमांच अब सामने आने लगा है । नयी संसद में पुराने मुद्दों पर विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने पहली बार विवेकपूर्ण कार्य किया है। कांग्रेस द्वारा रोप गए तुलसी के इस पौधे को भाजपा ने मजबूरी में ही सही लेकिन न सिर्फ अपनाया बल्कि उसमें पानी भी देने का साहस दिखाया है । इसलिए ये अवसर बधाई और शुभकामनाओं का अवसर है । देश की महिलाओं को एक नया अधिकार हासिल करने की इस सुखद खबर के बाद मंगल गीत गाना चाहिए और केंद्र सरकार तथा विपक्ष को एक -दूसरे को बधाई बधाइयां देकर दरियादिली का मुजाहिरा करना चाहिए।
देश की आधी आबादी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल करने की मांग और कोशिश नई नहीं है । देश की जनता को तमाम महत्वपूर्ण अधिकारों से लैस करने वाली कांग्रेस ने लम्बे समय तक देश में सत्ता करते हुए महिलाओं को उनका अधिकार देने की पहल भी की लेकिन देश की राजनीति में उदारता न होने से ये कोशिश नाकाम रही। सरकारें आती-जाती रहीं लेकिन कोई इस अधिकार को कानूनी जामा पहनाने में कामयाब नहीं हुआ। अब लगता है की देश की महिलाओं का सपना पूरा होगा ,क्योंकि सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मुद्दे पर शायद एक राय होकर इस विद्येयक को पारित करने में सहयोग कर दें।
जहाँ तक मुझे याद आता है कि महिला आरक्षण विधेयक तत्कालीन प्रधानमंत्री पीव्ही नरसिम्हा राव की सरकार के समय पहली बार वजूद में आया था । कांग्रेस ने शिक्षा ,सूचना,और भोजन के अधिकारों के बाद महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में भी आरक्षण देने के बारे में सोचा। लेकिन कांग्रेस का सपना साकार नहीं हुआ। 1996 में पहली बार महिला आरक्षण विधेयक की विधिवत रचना की,उस समय एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री थे ।महिला आरक्षण विधेयक पहली बार 1996 में संसद में पेश किया गया ,लेकिन पारित नहीं हुआ ।उसके बाद 1998 और 1999 में भी इसे पारित करने की कोशिश की गयी लेकिन कामयाबी नहीं मिली ।सरकारें आती-जातीं रहीं लेकिन महिलाओं को अधिकार देने का ये विधेयक राजनीतिक कारणों से आधार में लटका रहा। कितने ही प्रधानमंत्री आये और चले गए लेकिन बात नहीं बनी । भाजपा की सरकार भी इस बीच बनी । पहले 13 दिन की फिर पूरे पांच साल की किन्तु भाजपा सरकरर के सबसे ज्यादा सम्माननीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी भी इस लंबित विधयेक पर आम सहमति नहीं बना पाए। नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। आखिरी बार 2010 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस विधेयक को संसद के सामने फिर पेश किया। यह राज्यसभा से पास हुआ लेकिन लोकसभा में फिर अटक गया। पूरे दस साल चार दिन सत्ता में रहने के बाद डॉ मन मोहन सिंह भी महिला आरक्षण विधेयक को कानून बनाने का सपना लिए देश की सत्ता से बाहर चले गए।
मजे की बात ये कि देश में बीते 9 साल 114 दिन से देश की सेवा कर रही भाजपा सरकार को भी जाते-जाते इस महत्वपूर्ण विधेयक की याद आयी है। आप इसे विसंगति कहें या दुर्भाग्य कि भाजपा और कांग्रेस ने लगातार महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया फिर भी बात बनी नहीं । जातिगत राजनीति करने वाले क्षेत्रीय दलों ने इसका विरोध किया था। महिलाओं के कोटे के भीतर उप-कोटा की मांग इस बिल की बड़ी बाधा बन रही है ।वर्तमान प्रतिनिधित्वः लोकसभा की कुल सदस्य संख्या में महिला सांसदों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से कम है, और कई राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से कम है।
इस विधेयक को दोबारा पास करना भाजपा की राजनीतिक विवशता है क्योंकि अब उसके तरकास में कोई ऐसा तीर नहीं बचा है जो निशाने पर ˇ। इस विधेयक का विरोध करने वाले दल आज संयोग से कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन आईएनडीआईए के साथ है । ऐसे में भाजपा को साहूलियत है कि वो इस विधेयक के जरिये या तो राजनीति करे या फिर एक बार फिर सचमुच महिलाओं के अधिकारों के लिए सनकीर्णता से ऊपर उठकर इस विधेयक को पारित कराये ।इसके लिए भाजपा को अपनी चाल,चरित्र और चेहरे में तब्दीली लाना पड़ेगी ।इस समय भाजपा जिस ऐंठ के साथ सत्ता चला रही है और सियासत कर रही है उसे देखकर डर लगता है ,किन्तु संख्या बल इस समय समय ऐसा है कि यदि भाजपा ईमादारी और सौहार्द से काम ले तो विधेयक पारित हो सकता है। इस विधेयक को लेकर कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने 2017 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को खत लिखा था ,लेकिन सोनिया कहें और मोदी जी सुनें ये तो मुमकिन नहीं था। कांग्रेस ने पुराने संसद भवन से विदाई के समय भी इस मुद्दे पर अपनी मांग दोहराई ,मजे की बात ये कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने तब अपने भाषण में इस बारे में कोई संकेत नहीं दिया था।
हमेशा चौंकाने की राजनीति करने वाले प्रधानमंत्री जी ने आनन-फानन में कैबिनेट की बैठक में इस महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराया। आप जब ये आलेख पढ़ रहे होंगे तब मुमकिन है कि विधेयक लोकसभा के पटल पर रखा भी जा चुका हो ।संयोग से आज लोकसभा में इस विधेयक के सबसे बड़े विरोधी मुलायम सिंह यादव, लालू यादव और शरद यादव सदन में नहीं है। दो तो भगवान को प्यारे हो चुके हैं और तीसरे लालो जी जमानत की जिंदगी जी रहे है। मुझे याद है कि इस विधेयक का विरोध करते हुए बड़बोले स्वर्गीय . शरद यादव ने तो यहां तक कहा था कि ह्वआपको क्या लगता है, छोटे बाल वाली महिलाएं हमारी महिलाओं के बारे में बोल पाएंगी ?ह्व
हमारे शहर में जन्में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी ने भी 1998 और 1999 में भी इस विधेयक को पारित करने की कोशिश की लेकिन विपक्ष, विशेषकर सपा और आरजेडी के विरोध के कारण यह पास नहीं हुआ ।कांग्रेस के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 2002 में एक बार और 2003 में दो बार बिल पेश किया, लेकिन बहुमत होने के बावजूद बिल पास नहीं करवाया जा सका ।
इस समय भाजपा सरकार मुद्दा विहीन है । सनातन पर हमले के बाद उसकी सुरक्षा और जी -20 की कथित कामयाबी से भी भाजपा की बात बन नहीं रही है,ऐसे में यदि महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाता है तो सचमुच भाजपा के तरकश में एक नया रामबाण आ जायेगा। इस समय भाजपा इस विधेयक को ध्वनिमत से भी पारित करा सकती है हम सबको ईश्वर से कामना करना चाहिए कि भाजपा के खाते में ये उपलब्धि भले शामिल हो लेकिन कम से कम देश की महिलाओं को तो सांसद और विधानसभाओं में पर्याप्त संख्या में baithne का अवसर मिल सकेगा ।

**@ राकेश अचल**

# ऋषि पञ्चमी

ऋषि पञ्चमी का व्रत भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की पंचमी को सम्पादित होता है। प्रथमतः यह सभी वर्णों के पुरुषों के लिए प्रतिपादित था, किन्तु अब यह अधिकांश में नारियों द्वारा किया जाता है। हेमाद्रि[1] ने ब्रह्माण्ड पुराण को उद्धत कर विशद विवरण उपस्थित किया है। व्यक्ति को नदी आदि में स्नान करने तथा आह्निक कृत्य करने के उपरान्त अग्निहोत्रशाला में जाना चाहिए, सातों ऋषियों की प्रतिमाओं को पंचामृत में नहलाना चाहिए, उन पर चन्दन का लेप, कपूर लगाना चाहिए, पुष्पों, सुगन्धित पदार्थों, धूप, दीप, श्वेत वस्त्रों, यज्ञोपवीतों, अधिक मात्रा में नैवेद्य से पूजा करनी चाहिए और मन्त्रों के साथ अर्ध्य चढ़ाना चाहिए।

**अर्ध्यमन्त्र**
**कश्यपोत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रोय गौतमः।**
**जमदग्निर्वसिष्ठश्च सप्तैते ऋषयः स्मृताः॥**
**गृह्णन्त्वर्ध्यं मया दत्तं तुष्टा भवत मे सदा॥**

वराहमिहिर की बृहत्संहिता (13।5-6) में सप्तर्षियों के नाम आये हैं (जो पूर्व से आरम्भ किये गये हैं) यथा मरीचि, वसिष्ठ, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु; 13।6 में आया है कि साध्वी अरून्धती वसिष्ठ के पास हैं। इस व्रत में केवल शाकों का प्रयोग होता है और ब्रह्मचर्य का पालन किया जाता है। इसके करने से सभी पापों एवं तीनों प्रकार के दुःखों से छुटकारा मिलता है।[3] तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है। जब नारी इसे सम्पादित करती है तो उसे आनन्द, शरीर-सौन्दर्य , पुत्रों एवं पौत्रों की प्राप्ति होती है।

पश्चात्कालीन निबन्ध व्रतार्क, व्रतराज[4] आदि ने भविष्योत्तर से उद्धत कर बहुत-सी बातें लिखी हैं, जहाँ कृष्ण द्वारा युधिष्ठिर को सुनायी गयी एक कथा भी है। जब इन्द्र ने त्वष्टा के पुत्र वृत्र का हनन किया तो उन्हें ब्रह्महत्या का अपराध लगा। उस पाप को चार स्थानों में बाँटा गया, यथा अग्नि (धूम से मिश्रित प्रथम ज्वाला), नदियों (वर्षाकाल के पंकिल जल), पर्वतों (जहाँ गोंद वाले वृक्ष उगते हैं) में तथा स्त्रियों (रजस्वला) में। अतः मासिक धर्म के समय लगे पाप से छुटकारा पाने के लिए यह व्रत स्त्रियों द्वारा किया जाना चाहिए।

**ऋषि पञ्चमी कथा प्रथम**

एक समय विदर्भ देश में उत्तक नाम का ब्राह्मण अपनी पतिव्रता पत्नी के साथ निवास करता था। उसके परिवार में एक पुत्र व एक पुत्री थी। पुत्र का नाम 'सुविभूषण' था जो बहुत बुद्धि वाला था। राजा ने अपनी पुत्री का विवाह अच्छे ब्राह्मण के साथ कर दिया था। भगवान की कृपा से ऐसा विधान बना कि पुत्री विधवा हो गयी। अपने धर्म के साथ वह अपने पिता के घर ही रहने लगी। अपनी कन्या को दुःखी देखकर उत्तक अपने पुत्र को घर पर छोड़कर अपनी स्त्री व पुत्री को लेकर गंगा किनारे आश्रम बनाकर रहने लगे। कन्या अपने माता-पिता की सेवा करने लगी। एक दिन काम करके थक कर कन्या एक पत्थर की शिला पर आराम करने लेट गई। आधी रात में उसके शरीर में कीड़े उत्पन्न हो गये। अपनी कन्या के शरीर पर कीड़े देखकर ब्राह्मणी बहुत विलाप करके रोती रही और बेहोश हो गयी। होश आने पर कन्या को उठाकर उत्तक ऋषि के पास ले गई और कहने लगी कि इसकी हालत ऐसी क्यों हो गई? ब्राह्मणी की बात सुनकर उत्तक अपने नेत्रों को बन्द करके ध्यान लगाकर कहने लगे कि हमारी कन्या पूर्व जन्म में ब्राह्मणी थी। इसने एक बार रजस्वला होने पर घर के सब बर्तन आदि छू लिये थे। बस इसी पाप के कारण इसके शरीर पर कीड़े पड़ गये हैं। शास्त्रों के अनुसार रजस्वला स्त्री पहले दिन चान्डालनी दूसरे दिन ब्रह्म हत्यारनी तीसरे दिन पवित्र धोबिन के समान होती है और चौथे दिन वह स्नान करने के पश्चात शुद्ध हो जाती है। शुद्ध होने के बाद भी इसने अपनी सखियों के साथ ऋषि पंचमी का व्रत देखकर रुचि नहीं ली। व्रत के दर्शन मात्र से ही इसे ब्राह्मण कुल प्राप्त हुआ। लेकिन इसके तिरस्कार करने से इसके शरीर में कीड़े पड़ गये। ब्राह्मणी ने कहा ऐसे आश्चर्य व्रत को आप कृपा करके मुझे अवश्य बतायें। यह कथा श्री कृष्ण ने युधिष्ठर को सुनाई थी। जो स्त्री रजस्वला होकर भी घर के कामों को करती है वह अवश्य ही नरक में जाती है। पूर्व जन्म में वृजासुर का वध करने के कारण इन्द्र को ब्रह्म हत्या का महान पाप लगा था। उस समय ब्रह्मा जी ने उस पर कृपा करके उस पाप को चार स्थानों में बांट दिया था। पहला अग्नि की ज्वाला में, दूसरा नदियों की बरसाती जल में, तीसरा पर्वतों में, चौथा स्त्री के रज में विभाजित करके, उस पाप को शुद्धि के लिए ही हर स्त्री को ऋषि पंचमी का व्रत करना चाहिए।

**ऋषि पञ्चमी कथा द्वितीय**

सत युग में विदर्भ नगरी में श्येनजित नामक राजा हुये थे। वह ऋषियों के समान थे। उन्हीं के राज में कृषक सुमित्र था। उसकी स्त्री जयश्री अत्यन्त पतिव्रता थी। एक समय वर्षा ऋतु में जब उसकी स्त्री खेती के कामों में लगी हुई थी तो वह रजस्वला हो गई। उसको रजस्वला होने का पता लग गया फिर भी वह घर के कामों में लगी रही। कुछ समय बाद वह दोनों स्त्री-पुरुष अपनी-अपनी आयु भोग कर मृत्यु को प्राप्त हुए। जयश्री तो कुतिया बनीं और सुमित्र को रजस्वला स्त्री के सम्पर्क में आने के कारण बैल की योनी मिली। क्योंकि ऋतु दोष के अतिरिक्त इन दोनों का कोई अपराध नहीं था। इसी कारण इन दोनों को अपने पूर्व जन्म का समस्त विवरण याद रहा। वे दोनों कुतिया और बैल के रूप में उसी नगर में अपने बेटे सुचित्र के यहाँ रहने लगे। धर्मात्मा सुचित्र अपने अतिथियों का पूर्ण सत्कार करता था। अपने पिता के श्राद्ध के दिन उसने अपने घर ब्राह्मणों को जिमाने के लिये नाना प्रकार के भोजन बनवाये। जब उसकी स्त्री किसी काम के लिए रसोई से बाहर गई हुई थी तो एक सर्प ने रसोई की खीर के बर्तन में विष वमन कर दिया।

## अपना गाँव-अपना बचपन

एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा,
नाव सथनी बाला खेड़ा,
कई एक नाई काका, कई एक
बढ़ई काका, माली काका,
और कई एक लुहार काका,
कुम्हार और हलवाई काका,
कच्चे पक्के घर थे, लम्बा गलियारा,
हर मनई बहुतै दिलदार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा ङ्घ..।

कही भी किसी के घर खा लेते,
हर घर में भोजङ्ग तैयार था,
खेतों की सब्जी, लोबिया की
छियाँ खूब मजे से खाते थे,
जिसके आगे शाही पनीर और
गाजर का हलुआ भी बेकार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेराङ्घङ्घ।

दो मिङ्कट की मैगी नही ही होती
थी, पर दुधबड़ियाँ तैयार थे,
आम, जामुन, नीम की छांव और
पीपल, बरगद सदा बहार थे ...
अपने गाँव के देशी आम, अमरूद,
खीरा, ककड़ी, भुट्टों का भरमार था,
कजरीतीज का दंगल और फागुन
की होली रंगों का त्योहार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेराङ्घङ्घ।

मुल्तानी माटी,रीठा से तालाबों
कुओं में जा जा कर नहाते थे ,
न साबुन, न सैंपू, न महकुआ
तेल, हमरे खातिर सब बेकार थे,
कबड्डी व गिट्टी फोड़ खेलते थे,
हमे नहीं क्रिकेट का खुमार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा ङ्घ..।

कहानी दादी नानी की सुनते,
रेडीओ, टी वी न अखबार था,
संग साथियों के घूम घूम कर
खुश थे, चाचा ताऊ का प्यार था,
गाय, भैंस अपनी थी, बैल गाड़ी
और टेढ़ा, बीघापुर का बाजार था,
बुलट थी न बाइक थी और नही
कार थी, घोड़े पर एक्का सवार था,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेराङ्घ..।

कूटीबाबा, ठाकुरद्वारा, हाँसूपुर,
अंबिका देवी, चंदिकन धाम,
महावीरन में बड़े मंगल के मेला,
सावन शिवजी का शृंगार था,
गाँव के प्राइमरी व मिडिल स्कूल
में कई गावों के पढ़ने वाले बच्चे,
हुबलाल कालेज में प्रिन्सिपल श्री
हरिश्चंद्र भार्गव की ग्रामर की कक्षा,
एक मील लम्बा सा गाँव मेराङ्घ.।

आज इस अनजान से शहर में वो
प्यार वो इज्जत कहाँ से लाऊं,
यही सोच सोच कर, हम गाँव
गेरावँ के देहाती बहुत दुख पाऊं,
वो बचपन का समय आदित्य
फिर आ जाय, तो बहुतै मजा पाऊँ,
फिर से असल जिन्दगी जी पाऊं,
उस माटी को सिर माथे लगाऊँ,
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा,
नाव सथनी बाला खेड़ा ।
एक मील लम्बा बसा गाँव मेरा,
नाव सथनी बाला खेड़ा ।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र,'आदित्य' लखनऊ**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला ज्ञानकुम्भ में 11 दिन डुबकी लगायेंगे पुस्तकप्रेमी

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । ज्ञान कुंभ की थीम पर राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन केटी फाउडेशन और फोर्स वन बुक्स द्वारा संयुक्त रूप से 22 सितंबर से गांधी जयंती तक बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में किया जा रहा है।

निःशुल्क प्रवेश वाले रोज सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक चलने वाले इस 11 दिवसीय पुस्तक मेले के बारे में संयोजक मनोज सिंह चंदेल से प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि इस वर्ष यह हमारा बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला होगा। लखनऊ के इस पुस्तक मेले ने देश के शीर्ष 10 पुस्तक मेलों में अपना स्थान बनाया है। मेले में इस वर्ष दिल्ली मुंबई रायपुर, नोएडा, गाजियाबाद, प्रयागराज, रायपुर, गुजरात राजस्थान के सरकारी, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ बड़ी संख्या में अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषा के प्रकाशक वितरक और आयातक भाग ले रहे हैं। 11 दिवसीय पुस्तक उत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे पुस्तक विमोचन लेखकों से मिलें, कवि सम्मेलन, मुशायरा, युवा और बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।




हजारों स्कूली बच्चे, शिक्षक, लेखक, नौकरशाह गृहिणियाँ और पुस्तक प्रेमी पुस्तक मेले का बेसब्री से इंतजार करते हैं। पुस्तक मेले के दौरान सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों एक विशेष आकर्षण होती हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञान का प्रकाश फैलाने और आजकल कम होती जा रही पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के मकसद से यह पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। शुक्रवार 22 सितंबर को शाम 5 बजे पुस्तक मेले का उद्घाटन करने के लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को आमंत्रित किया गया है।

सह आयोजक आकर्षण जैन ने बताया कि हमेशा की तरह निःशुल्क प्रवेश होगा और पुस्तक प्रेमियों को न्यूनतम 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने आभासी दुनिया में किताबों के कभी न खत्म होने वाले फायदों के बारे में भी बात की किताबें सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं और सदियों से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। मेले के निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि प्रमुख प्रकाशकों के हजारों शीर्षकों के प्रदर्शन के लिए15

हजार वर्ग फीट का वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है। पुस्तक प्रेमियों की सुरक्षित और आरामदायक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गये हैं। आकर्ष ने बताया कि मेले में राजकमल,वाणी- भारतीय ज्ञानपीठ, राजपाल लोकभारती प्रभात प्रकाशन,हिंद युग्मे, सामायिक सेतु सम्यक, प्रकाशन संस्थान, प्रकाशन विभाग, केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण विभाग हिंदी संस्थान आदि के स्टाल प्रमुख होंगे।

### डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत, ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत विकास योजना के तहत जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं सामान्य समिति की बैठक हुई संपन्न।

## जिलाधिकारी ने निर्धारित थीम के अनुरूप कार्य योजना तैयार करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

गौतम बुद्ध नगर 19 सितंबर 2023 आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की



अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं सामान्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव ने बैठक का संचालन करते हुए अवगत कराया कि ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत भारत सरकार के द्वारा गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितेषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितेषी गांव सहित 9 थीम निर्धारित की गई हैं, जिनके अनुरूप ही प्रत्येक ग्राम पंचायत को अपनी थीम निर्धारित करते हुए कार्य योजना तैयार करनी है। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए की शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायत में थीम का निर्धारण करते हुए कार्य योजना तैयार कराई जाए और ग्राम प्रधानों से वार्ता करते हुए थीम का निर्धारण कर थीम से संबंधित विभागीय अधिकारी को नामित कर दिया जाए, ताकि निर्धारित की गई थीम को लेकर जो कार्य योजना तैयार की जा रही है उसको मानकों के अनुरूप तैयार किया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 जनवरी तक, क्षेत्र पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 29 फरवरी व जिला पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 मार्च तक ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में जनप्रतिनिधियों में ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## लखनऊ बार एसोसिएषन की आम सभा संचालन में सम्पन्न हुई

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । मंगलवार को लखनऊ बार एसोसिएषन, की आम सभा सुरेश पाण्डेय एडवोकेट अध्यक्ष, एवं कुलदीप नारायण मिश्र एडवोकेट महामंत्री, के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक-29/08/2023 को हापुड़ जनपद न्यायालय में पुलिस प्रषासन द्वारा अधिवक्ताओं पर बिना किसी कारण बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज के प्रकरण में उ0 प्र0 सरकार द्वारा दोशी पुलिस अधिकारियों/कर्मियों एवं अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम बनाने की दिषा में आज तक कोई भी संतोशजनक एवं प्रभावी कार्यवाही नही की गयी। जिससे उत्तर प्रदेष के अधिवक्ताओं मे काफी आक्रोश व्याप्त है एवं उ0प्र0 के अधिवक्तागण लगातार आंदोलनरत है। पूर्व मे नियत कार्यक्रम के अनुसार लखनऊ बार एसोसिएषन, लखनऊ के समस्त अधिवक्तागण के कौटिल्य विधि भवन में एकत्रित हुए एवं गोरखपुर मे अधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा



की गयी घटना की सर्वसम्मति से निन्दा की गयी व सर्वसम्मति से निर्णय के उपरान्त शांतिपूर्वक ढंग से स्वास्थ्य भवन चैराहे पर समय दोपहर एक बजे उ0 प्र0 सरकार का पुतला फूका । ब्रस्पतिवार तक लखनऊ बार एसोसिएषन, के समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से पूर्ण रूप से विरत रहेगें तथा ब्रहस्पतिवार को दो बजे लखनऊ बार एसोसिएषन, में आम सभा आहूत कर अग्रिम रणनीति पर विचार विमर्ष किया जायेगा।

## जनपद के कृषकों की समस्याओं के निराकरण के लिये दिनांक 20 सितंबर 2023 को विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का किया जाएगा आयोजन।

जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह के तृतीय बुधवार दिनांक 20 सितंबर 2023 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों का आह्वान किया कि किसान दिवस में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। राकेश चौहान जिला

## कर्मकार समीर दास के साथ संघातक दुर्घटना के संबंध में एक सप्ताह के भीतर कोई भी व्यक्ति अपना पक्ष लिखित या मौखिक रूप से कर सकते प्रस्तुत।

सहायक निदेशक कारखाना, उ0प्र0 नोएडा क्षेत्र गौतमबुद्धनगर बी0 के0 शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा गौतमबुद्धनगर प्रसंस्करण के दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 07.05.2023 को प्रकाशित खबर के अनुसार सेक्टर- 04 स्थित नोएडा गौतमबुद्धनगर स्थित एक फैक्टरी में दिनांक 05.05.2023 दिन शुक्रवार को रात में कार्य करते समय गिरने से कर्मकार समीर दास के साथ संघातक दुर्घटना घटित हुई थी। उन्होंने उक्त घटित संघातक दुर्घटना की जांच के सम्बन्ध में सर्व साधारण का आह्वान करते हुए बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता है तो एक सप्ताह के भीतर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक निदेशक कारखाना उत्तर प्रदेश सी 119 प्रथम तल सेक्टर 18 नोएडा कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष लिखित या मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं तथा अपने कथन के समर्थन में यदि कोई भी व्यक्ति साक्ष्य या सबूत देना चाहे तो उसे भी उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छंद हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## महापौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जोन 01 से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ। शहर में विकास कार्यों की समीक्षा कर उन्हें गति प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर सुषमा खर्कवाल जी के द्वारा जोनवार बैठक किये जाने के निर्देश दिए थे। जिस क्रम में आज दिनांक 19 सितम्बर को नगर निगम मुख्यालय स्थित राजकुमार श्रीवास्तव समिति कक्ष में महापौर के द्वारा जोन-1 के अभियन्त्रण विभाग कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

उक्त बैठक में महापौर के द्वारा पार्षदों के अनुरोध पर समस्त वार्डों में 10-10 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जोन-1 के सभी सुलभ शौचालय व उसके आस-पास से अतिक्रमण हटाये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। उदयगंज तिराहा एवं सब्जी मण्डी व 1090 चौराहे के आस-पास अतिक्रमण हटाये जाने हेतु पार्षद द्वारा दिए गए सुझाव पर सम्बंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। महापौर द्वारा जोन-1 के सभी पार्षदगणों को 50-50 स्ट्रीट लाईट दिनांक 30.09.2023 तक दिये जाने एवं प्रत्येक वार्ड में सीढ़ी व तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा सम्बन्धी उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश सहायक अभियन्ता (विद्युत) को दिये गए। पन्द्रहवें वित्त अवस्थापना व वार्ड विकास निधि के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को वार्ड वार सूचीबद्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही अमीनाबाद पुलिस चौकी व बी॰ एन॰ वर्मा रोड पर सीवर लाईन एवं मशकगंज-वजीरगंज वार्ड के दो मोहल्लों में पानी की पाईप लाईन डालने हेतु जलकल विभाग को महापौर महोदया द्वारा निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में कर निर्धारण एवं वसूली कैम्प लगाए जाने के निर्देश भी महापौर जी के द्वारा दिए गए। उक्त बैठक में जोन-1 के मा॰ पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त महोदय, जोनल अधिकारी, जोन-1, अधिशासी अभियन्ता (जलकल), जोन-1, नगर अभियन्ता, जोन-1, जोनल सेनेटरी अधिकारी, जोन-1 कर अधीक्षक, जोन-1, अवर अभियन्ता (मार्ग प्रकाश), जोन-1 राजस्व निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक इत्यादि उपस्थित रहे।

## इनवायरमेंट सेवा संस्थान एवं चिरंजीवी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयास तालाब पर 150 वृक्ष रोपे गये

समाज जागरण

अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में मंगलवार को इनवायरमेन्ट सेवा संस्थान एवं चिरंजीवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा थानाप्रभारी इनायतनगर अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सहुलारा तालाब पर बरगद पाकड़ एवं महोगनी के 150 पौधों का रोपण किया गया । कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहुलारा उदय प्रताप गौड़, सुरेंद्र कुमार मिश्र, आदित्य प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार मिश्र, भानू सिंह,



सिकंदर साहू, प्रिंस, कौशल विशाल सहित कई लोग उपस्थित रहे । थाना प्रभारी ने संस्था द्वारा चलाई जा रही पौध रोपण मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे पुराणों में एक वृक्ष दस पुत्र समान माना गया है और हर एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम 5 पौध रोपित कर बड़े होने तक उसकी देखरेख जरुर करें ।

## कंपोजिट विद्यालय कोंछा बना नशेड़ियों का अड्डा

### प्रधान और प्रधानाध्यापक ने पुलिस से की शिकायत

समाज जागरण

अयोध्या। जिले के बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र का कंपोजिट विद्यालय कोंछा नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम सिंह ने बताया कि स्कूल परिसर में विद्यालय बंद होने के उपरांत अराजक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है। जिससे आए दिन विद्यालय में कोई ना कोई घटना होती रहती है। उन्होंने बताया कि बीती रात अराजक तत्वों द्वारा चौकीदार को कमरे में बंद कर रसोई घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। जब चौकीदार ने ग्रामीणों को फोन द्वारा घटना के बारे में सूचित किया गया और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब



अराजक तत्व वहां से भाग खड़े हुए। बताया गया कि इस बाबत ग्राम प्रधान द्वारा भी कोतवाली को सूचित किया गया है।

ऐसी घटना आये दिन होती रहती है। कई बार चोरी हो चुकी है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय को लोगों द्वारा स्मैक और दारु पीने का अड्डा बना लिया गया है। यह जानकारी कंपोजिट विद्यालय कोंछा के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि आए दिन विद्यालय में ऐसी घटना होती रहती है।

## कुएं में गिरने से युवक की हुई दर्दनाक मौत

समाज जागरण

अयोध्या । कुएं में गिरने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि हैदरगंज थाना अंतर्गत जाना बाजार बीकापुर मोड़ के पास सड़क के किनारे बाग में स्थित कुएं पर उगी झाड़ की सफाई करते समय 18 वर्षीय मोहम्मद असलम पुत्र घिर्राऊ सोमवार सायं कुएं में गिर गया। जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा कुएं में गिरे युवक को बचाने का प्रयास किया गया। और कड़ी मस्कत के बाद किसी तरह असलम को अचेता अवस्था में लोगों ने कुएं से बाहर निकला गया। तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज ले जाया गया। चिकित्सक ने जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। हैदरगंज थाने के उपनिरीक्षक राहुल कुमार पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया



कि मृतक एक भाई और एक बहन थे। हैदरगंज थाना प्रभारी मोहम्मद अरशद ने बताया कि सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही चल रही है।

### महिला आरक्षण संबंधी विधेयक में पिछड़े वर्ग की महिलाओ को आरक्षण ना देना भाजपा की पिछड़ा वर्ग विरोधी सोची समझी रणनीति और साजिश का हिस्सा है।

## महिला आरक्षण में पिछड़े वर्ग को क्षैतिज आरक्षण न देकर भाजपा पिछड़े वर्गों की राजनीति को नेस्तानबूत करना चाहती है।

**संघ और भाजपा महिला आरक्षण मे पिछड़े वर्ग की गरीब वंचित कमजोर तबके की महिलाओ को आरक्षण न देकर उनको सदन से बाहर रखने की रणनीति बनाई है।**

लखनऊ, 19 सितंबर 2023।

पिछड़ा वर्ग विभाग उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय की धुर विरोधी है और आरएसएस घोर मर्दवादी संस्था है जो अपने गठन के सौ सालो मे भी एक महिला को संघ प्रमुख नही बना सका। ,महिला सशक्तिकरण के नाम पर भाजपा सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तबके की महिलाओं को आरक्षण न देकर गरीब वर्ग की महिलाओं को संसद से दूर रखने का प्रयास किया है। जिसे हम पिछड़े वर्ग के लोग बदर्शात नहीं करेंगे। ,यह उसी प्रकार की साजिश है जिस प्रकार से आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के नाम पर सिर्फ कुछ उच्च जातियों को आरक्षण देकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तबके के साथ



धोखा किया गया और सामाजिक न्याय का भाजपा ने गला घोटा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार की पिछड़ा, दलित आदिवासी के अधिकारों के प्रति नीयत ठीक नहीं है। यह इन शोषित वँचित जातियों के अवसर और समता के अधिकार आरक्षण की कट्टर विरोधी रही है इन शोषित वँचित तबके की महिलाओं को महिला आरक्षण के अंदर आरक्षण की अनदेखी करने पर कांग्रेस पार्टी इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

मनोज यादव ने कहा कि सर्वप्रथम दलित पिछड़े आदिवासी और अल्पसंख्यक तबके की जाति जनगणना करके उसके अनुपात में




पिछड़े दलित आदिवासियों और अल्पसंख्यक तबके की महिलाओं को भी सदन में आरक्षण दे।

मनोज यादव ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तीकरण के नाम पर कुछ अमीर और संसाधन सम्पन्न वर्ग की महिलाओं को ही सदन में भेजकर इस देश की बहुसंख्यक आबादी को उनके हक और सम्मान से वंचित करने की जो साजिश रच रही है उसको इस देश का बहुसंख्यक तबका बाखूबी समझ रहा है। जिसका मुकमल जवाब समय आने पर इस देश की जनता विशेषकर महिलाएं देने का कार्य करेंगी।

## राजकीय आईटीआई लखनऊ में 21 सितम्बर 2023 को रोजगार दिवस का आयोजन

19 सितम्बर 2023 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 21 सितम्बर 2023 को रोजगार दिवस के आयोजन में 18 कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि 18 कम्पनियों में जिन अभ्यर्थी की आयुसीमा 18 से 30 वर्ष तक तथा हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईट-ीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक या बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण किया हो, वे रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के पात्र होंगे। अभ्यर्थी को वेतन 8,000 से 40,000 रुपये माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में पुरूष व महिला दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी द्वारा कुल 1200 पदों पर चयन किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### रोजगार मेले में आने वाली कंपनियों में

1076 सीएम हेल्पलाइन सेंटर, लखनऊ, एसएमपीपी प्रा. लि., दिल्ली एनसीआर, एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्रा. लि., गुडगांव, जय भारत मारुति लि., अहमदाबाद टाटा मोटर्स लि., पंत नगर बजाज मोटर्स लि., मानेसर गुरुग्राम ईस्ट इंडिया टेक्नोलॉजी प्रा. लि., नोएडा रेडिएंट पॉलिमर्स प्रा. लि., अहमदाबाद, गुजरात, सम्वर्धन मथरसन ऑटो कंपोनेंट्स, बावल हरियाणा, गुडविल हेल्थ केयर, दिल्ली, श्रीराम जीवन बीमा, आल यूपी स्टाफएव टेक्नोलॉजी प्रा. लि., लखनऊ, अमेजन प्रा. लि., अहमदाबाद, गुजरात, डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया प्रा. लि., नोएडा, न्यू एलेन बेरी प्रा. लि., फरीदाबाद, हरियाणा, मिकी फोन प्रा. लि., ग्रेटर नोएडा, एक्सपर्ट आईटी एकेडमी, लखनऊ और गोयल किचन इक्विपमेंट्स, लखनऊ है।

## गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 395वाँ युगऋषि ऋषि वाङ्मय की स्थापना

"सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायन बना सकता है"........उमानंद शर्मा। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गतह्यह्यसिटी इंटरनेशनल स्कूल एवर ग्रीन कैम्पस देवां रोड लखनऊह्हह्ह के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 395वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती सावित्री शर्मा ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया। उमांनद शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्यसद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायन बना सकता है, श्री वी.के. श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे तथा संस्था की उपप्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

इस अवसर पर उमानंद शर्मा, वी.के. श्रीवास्तव, अनिल भटनागर, शिवम, बृजेश तथा संस्था की प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बक्शी, प्रबन्धक पी.के. सिंह, उपप्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव, शिक्षक /शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रायें, मौजूद थे।

## राम जन्मभूमि पथ पर लापरवाही बरतने पर दो अधिकारी हटाए गए

समाज जागरण

राजेश तिवारी अयोध्या। रामजन्मभूमि पथ के निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर राजकीय निर्माण निगम के दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। गत 9 सितंबर को भवन निर्माण समिति की बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस पथ का निरीक्षण कर कर लापरवाही देखी। इस बारे में मीटिंग में आरोपी अधिकारी संतोषजनक जबाब भी नहीं दे पाए थे।



नृपेंद्र मिश्र की नाराजगी के बाद अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने आरएनएन के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर कहा कि रामजन्मभूमि पथ पर कैनोपी का निर्माण होना है। ये दोनों अधिकारी जीएम अजय मिश्रा और प्रोजक्ट मैनेजर अनूप शुक्ला इस काम में रुचि नहीं ले रहे रहे हैं। एक माह से गड्‌ ढा खोद कर छोड़ा गया है। रामलला के दर्शन मार्ग के सबसे छोट व महत्वपूर्ण इस मार्ग से शेष काम में लापरवाही अक्षम्य है। कमिश्वर के इस पत्र के बाद आएनएन के एमडी योगेश पवार ने इन दोनों अधिकारियों को आरोप पत्र थमा दिया। कमिश्वर गौरव दयाल ने यह भी लिखाा कि इन दोनों अधिकारियों के रहते समय से यह काम पूरा होना संभव नहीं दिख रहा है। बताते चले कि 9 नवंबर की भवन निर्माण समिति की बैठक से बाद भी भी अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल और डीएम नीतिश कुमार ने इसी माह की 14 तारीख को रामजन्मभमि पथ का निरीक्षण कर कैनौपी का निर्माण न होने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस काम को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद इन अधिकारियों का रवैया बेहद लापरवाही भरा बना रहा।

कमिश्नर गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार के साथ 14 सितंबर को निमार्णाधीन जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व राम पथ का निरीक्षण किया था। अधिकारीद्वय ने जन्मभूमि पथ में कार्यदायी संस्था यू0पी0 आरएनएन द्वारा बनायी जा रही कैनेपी का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि कैनेपी का कार्य तीव्र गति से पूर्ण गुणवत्ता से करते हुये कैनेपी निर्माण में जो पथ के पत्थरों को डिसमेंटल किया गया है उन लिए नये पत्थरों की व्यवस्था उसी पैटर्न के अनुसार लगाने की पूर्व से ही कर ली जाय। पर इसका भी कुछ असर नहीं दिखने के बाद यह कार्यवाही की गई।

बताते चले कि श्रीरामजन्मभूमि पर का निर्माण 39 करोड़ की लागत से हो रहा है। यह रामलला के दर्शन से जुड़ा सबसे छोटा मार्ग जिसकी लंबाई बिड़ला धर्मशाला से मात्र 566 मीटर है। इस पथ पर श्रद्धालुओं के लिए लाकर,बेंच, पेयजल, चिकित्सा और रामलला की आरती के लिए टोकन आदि की सारी व्यवस्था भी की गई है। अगस्त माह में यह मार्ग श्रद्धालुओं के लिए समर्पित किया जा चुका है। इसके बावजूद इस महत्वूपर्ण मार्ग का करीब 5 प्रतिशत निर्माण कार्य जस का तस पड़ा हुआ है।

# बाइक ने साइकिल को मारी टक्कर साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ थाना क्षेत्र के ग्राम उद्योवाला में एक साइकिल सवार और मोटरसाइकिल की टक्कर में बालक सहित तीन लोग घायल हो गए घायलों को गंभीर अवस्था में सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया गंभीर अवस्था देखते हुए सभी घायलों का हायर सेंटर रेफर कर दिया साइकिल सवार को काशीपुर ले जाते हुए रास्ते में ही मौत हो गई परिजनों में मचा कोहराम। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम उधोवाला निवासी कय्यूम 50 वर्ष ग्राम कासमपुरगढी.मे एक प्लाटिंग कालोनी पर चौकीदार करता है मंगलवार लगभग ग्यारह बजे कालोनी से साईकिल द्वारा अपने घर उधोवाला आ रहा था। कि घर की ओर मुड़ते समय मोटरसाइकिल से आ रहे ग्राम कासमपुरगढी. निवासी नबील पुत्र नवाब जान से टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार नबील, शना अनिया उम्र करीब 4 वर्ष व साइकिल सवार कय्यूम गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया जहां सभी गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल कय्यूम को काशीपुर ले जा रहे थे कि उसने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। मौत की खबर पर परिजनों मे कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी

# गणेश चतुर्थी के पर्व पर गणपति बप्पा घर-घर बिराजे

**दैनिक समाज जागरण**



सम्भल।गणेश चतुर्थी के पर्व पर गणपति बप्पा घर-घर बिराजे गये। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने बप्पा के आगमन पर जगह-जगह शोभायात्रा निकालकर उनकी विधान-पूर्वक पूजा-अर्चना करते हुए स्थापना की। नगर पालिका परिषद सम्भल क्षेत्र में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर ढोल-नगाडों के साथ बप्पा को बिराजा गया। नगर के मौहल्ला ठेर स्थित मंदिर मढैया, सुनारों बाली गली के शिव मन्दिर, महिला मंडल मंदिर, बनखंडन मंदिर, गुरू मंदिर के अलावा कोतवाली के निकट श्रीमाली बस्ती, कोट पूर्वी स्थिति रामलीला मैदान, साहनी बाला फाटक, हल्लू सराय चामुंडा मंदिर, बरेली सराय शिव मंदिर, शहजादी सराय स्थिति मंदिर आदि स्थानों के अलावा हयातनगर में चामुडा मंदिर, जर्मन बाला मंदिर, मुख्य बाजार मंदिर तथा सरायतरीन में महामृतुन्जय तीर्थ, मंगलपुरा, प्रथमा बैंक शाहजीपुरा आदि स्थानों पर गणपति बप्पा बिराजे गये। श्री वार्ष्णेय युवा गणेश समिति के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी पर सरायतरीन में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा राजेश सिंघल ने फीता काटकर बप्पा की शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारम्भ किया। तत्पश्चात स्थिति सेठों गली में प्रथमा बैक के निकट पंडाल में विघ्नहर्ता गणपति बप्पा की स्थापना की गई। इस मौके पर सुरेश अटल, हरीश गांधी, सेठ लव कुमार, गणेश शर्मा, विपिन गुप्ता, सुमित श्याम, प्रशांत, पुनीत अटल, अमित अटल, राहुल अटल, आयुष, रुचित, नमन, गोपेश, चिराग, राजेश अग्रवाल, शुभम, ऋषभ, शिवम आदि उपस्थित रहे। सरायतरीन के बजरिया चौक के निकट गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंगलपुरा के राजा के रूप में गणेश चतुर्थी महोत्सव पर शोभायात्रा निकालकर बप्पा को स्थापित किया गया। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, सारांश शर्मा, नवल किशोर, बृज किशोर, विक्रम, निखिल, शशांक, अमन, संकित, तानु, पंकज, सतीश शर्मा, विकास, भुवनेश, मोहित, योगेश, अंकुर, नीरज, हेमलता, अंशु शर्मा, आशा,कुंती, ममता, चित्रा, रश्मि, मंजू, ज्योति, रुचि, दीपा, पीहूश्री, शगुन, निक्की आदि शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक गो काश घायल, तीन फरार

**दैनिक समाज जागरण**



शावेज अहमद रामपुर। स्वार कोसी नदी के किनारे ग्राम धनौरी के पास एक बछडे का क्रूरतापूर्वक वध कर देने तथा बछडे के अवशेष मौके पर ही पडे होने के संबंध में दिनांक 17.09.2023 को तहरीर सूचना के आधार पर थाना स्वार में एक मुकदम दर्ज हुआ था पुलिस अपर्धियों की तलाश में लगी हुई थीं लेकिन कोई पुख्ता जानकारी नही मिल सकी। अचानक मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि वाहद ग्राम फाजलपुर जंगल तिराहे पर कुछ व्यक्ति एक प्रतिबंधित पशु का वध करने के उद्देश्य से बांधे हुए हैं तथा उनके पास एक मोटर साइकिल भी खड़ी है। उ0नि0 राहुल यादव अपनी टीम के साथ ग्राम फाजलपुर तिराहे पर पहुंचे तथा जैसा की पुलिस ने बताया कि अपनी टीम के आत्मरक्षार्थ उक्त व्यक्तियो को चेतावनी देते हुए कहा कि अपने आप को पुलिस के हवाले कर दो पुलिस ने तुम लोगो को घेर लिया है। लोगो ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया तभी पुलिस को जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। जिसमें एक व्यक्ति की दाहिनी टांग में गोली लग गई और वह गिर गया है। अन्य तीन व्यक्ति जो अंधेरे का लाभ उठाते हुए फायरिंग करते हुए भाग गये । मौके पर ही घायल अभि0 ने पूछने पर अपना नाम लईक पुत्र अहमद जान नि0 नई बस्ती मौ0 चक स्वार कस्वा व थाना स्वार जिला रामपुर बताया तथा तीन व्यक्ति जो अंधेरे का लाभ उठाते हुए फायरिंग करते हुए भाग गये, उनके नाम 1. लईक पुत्र रहीस नि0 मौ0 स्वार खास कस्बा व थाना स्वार जिला रामपुर 2. नावेद पुत्र सलीम नि0 अगलगा रोड मौ0 रसूलपुर थाना स्वार जिला रामपुर 3.इरफान उर्फ पताला पुत्र वाहिद नि0 रसूलपुर कस्वा व थाना स्वार जिला रामपुर बताये।पुलिस ने घायल व्यक्ति को अस्पताल भेज दिया बाकी व्यक्तियों को पुलिस तलाश कर रही है।जल्द ही गिरफतार कर जेल भेज दिया

### मिल पर किसानों का करोड़ों रुपया बकाया

# किसानों ने राइस मिल पर दिया सांकेतिक धरना

## *दिवालिया होने का ढोंग कर किसानों का पैसा हड़पने की साजिश*

**दैनिक समाज जागरण**



शावेज अहमद रामपुर/केमरी किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में ग्राम कोठरा स्थित गोल्डन प्राइस मिल पर सैकड़ों की तादाद में किसान एकत्रित होकर मिल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी और धरना प्रदर्शन किया वही राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने बताया कि इस मिल पर 50 से अधिक किसानों का करोड़ों रुपया पिछले कई बर्षों से बकाया है जिसको मिल अदा नहीं कर रहा है अब मिल ने बैंक से मिली भगत कर अपने आप को दिवालिया घोषित कर लिया है और बैंक द्वारा मिल पर ताले लगा दिए गए और इस मिल को नीलाम करने की कोशिश की जा रही है जिसको किसान किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे क्योंकि जब तक किसानो का बकाया मिल नहीं दे देता तब तक ना तो मिल को चलने दिया जाएगा और ना ही नीलाम होने दिया जाएगा किसानों की धरने की सूचना मिले पर केमरी थाने में तैनात एस आई महेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ किसानों के बीच पहुंचे और उनको समझाया कि आप लोग धरना समाप्त कर दें जिस पर किसान उत्तेजित होकर नारेबाजी करने लगे तब उन्होंने किसानों की बात तहसीलदार मिलक से कराई तहसीलदार ने 1 सप्ताह में समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तहसीलदार के आश्वासन पर किसानों ने 1 सप्ताह में समाधान ना होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी देते हुए धरना समाप्त कर दिया । हाफिज अस्फाक, फुरकान ,प्रधान जहीर अहमद ,राम अवतार ,रागिब खान जुम्मा ,नजाकत ,बाबू, कुदरत अली ,बहारूल अमीन, अकबर अली ,कृष्ण कुमार ,मौअज्जम ,मुकर्रम ,शकील आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहते हुए समाज में भी जागरूकता फैलाने की महती आवश्यकता - पी. के. वार्ष्णेय

**दैनिक समाज जागरण**



बिसौली आई एम खान। डीआरए राजकीय महाविद्यालय में रासेयो छात्र व छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत कालेज परिसर में साफ सफाई की। प्राचार्य डा. पीके वार्ष्णेय ने कहा कि स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने की महती आवश्यकता है। छात्रा इकाई की कार्यक्रम प्रभारी डा. मंजूषा ने कहा कि स्वयंसेवक व सेविकाएं अपने घरों के आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही पड़ोसियों को भी साफ सफाई के लिए प्रेरित करते रहें। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को स्वच्छता अभियान के बारे में सोशल मीडिया के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर छात्र इकाई के कार्यक्रम प्रभारी तरुण प्रकाश सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना व सीएम आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में CM योगी ने भेजी पहली किस्त



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। केन्द्र सरकार व यूपी सरकार गरीब कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की बहुत सी योजनाएं चला रही है। सरकार की इन योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत सरकार देश के हर गरीब परिवार को घर उपलब्ध कराने का प्रयास करती आ रही है, जो अपना जीवन यापन गरीबी रेखा से नीचे कर रहे हैं। इस योजना का लाभ केवल उन गरीब परिवार को दिया जाता है,जो ग्रामीण इलाके से निवास करते हैं। जिनके पास रहने के लिए कोई पक्का मकान नहीं है और जो रहने के लिए झोपड़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस योजना के तहत शहरी और ग्रामीण इलाके के गरीब लोगों को पक्के मकान उपलब्ध करवाने का तेजी से प्रावधान किया गया जिसके मद्देनजर मंगलवार को कासमपुरगढी. खंड विकास कार्यालय के सभागार मे एक आयोजन कर मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत चयनित 36 लाभार्थियों को आवास बनाने हेतु 40000/-रुपए की पहली किस्त सीधे उनके खाते मे डाली गई। मंगलवार को ब्लाक कासमपुरगढी लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त मनरेगा बिजनौर रामबहाल यादव ने बताया कि सरकार लाभार्थियों को को सीधे लाभ पहुंचाना चाहती है। क्षेत्र के 36 लाभार्थियों मे 23लाभार्थी बोक्सा जाति के व 13 विकलांगो का चयन मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत किया गया था। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वह सुविधा शुल्क के नाम पर किसी को कुछ न दे। उन्हें तीन माह मे अपना आवास पूर्ण करना है। पहली किस्त 40,000/-रुपए खर्च करने के बाद दूसरी किस्त 70000/-रुपए व तीसरी किस्त 10000/-रुपए, मजदूरी के 20000/-रुपए तथा 12000/-रुपए शौचालय के लिए सीधे खाते मे डाले जायेंगे। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली, खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत ललित प्रताप सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसा ई.रिक्शा-बाइक की टक्कर में दो लोग घायल,



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण मंगलवार की देर शाम खड़े ई रिक्शा और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों ने सहायता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जानकारी अनुसार ग्राम कादराबाद निवासी धर्मवीर 31 वर्ष पुत्र रामस्वरूप सिंह दिल्ली से बाईक द्वारा वापस अपने घर कादरबाद जा रहा था कि धामपुर मार्ग स्थित विकार पेट्रोल पंप के समीप अचानक एक ई रिक्शा बाइक के सामने आ जाने के कारण बाइक सवार नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको हायर रेफर कर दिया।

# इंटर कॉलेजो ने स्वालंबी भारत अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित

शावेज अहमद रामपुर। स्वालंबी भारत अभियान के अंतर्गत पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या इंटर कॉलेज, जुल्फिकार इंटर कॉलेज में स्वालंबी भारत अभियान के समन्वयक मुकेश पाठक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा देश तरक्की कर रहा हैं इसमें युवाओं की भूमिका अहम हैं। बस इनको प्रोत्साहित और जागरूक करना जरूरी हैं अब हमें नौकरी लेने वाला नहीं देने वाला बनना हैं। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक फरहत अली खान ने कहा कि इस तरीके के कार्यक्रम हम पूरे जिला भर में आयोजित करेंगे। स्वदेशी जागरण मंच राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान चला रहा हैं। कार्यक्रम में वेद आहूजा, प्रधानाचार्य के अतिरिक्त अध्यापक, अध्यापिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




# सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 89वें स्थापना दिवस पर नात प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**




शावेज अहमद रामपुर। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 89वें स्थापना दिवस के मौके पर लाइब्रेरी के अल्हाज हिमायत उल्लाह खां हॉल में नात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न मदरसों और अन्य शैक्षिक संस्थानों के 62 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. महमूद अली खां ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप मे मौलवी एहतिसाम उल्ला खां नायब इमाम जामा मस्जिद रामपुर और प्रमुख शायर अब्दुल अहद खां आजर नोमानी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मारूफ शायर नईम नजमी, फरीद शमसी, अलिफ नाजिम, अजीज बकाई, डा. अशफाक जैदी और सैय्यद नवेद कैसर शामिल रहे। इस अवसर पर छात्रों ने नबी करीम की शान मुबारक में नात पाक का काव्य पाठ अपने अलग अलग अंदाज में किया। जिसने उपास्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन हुसैन मंजूर और नोमान गाजी ने किया। इस मौके पर सचिव लाइब्रेरी डा. अदनान जियाई के अलावा मजलिस मुशावरत सदस्य डा. सैय्यद अनवार उल हसन कादिरी, डा. मेहंदी हसन, डा. सैयद जाफर शाह, सैयद गजनफर अली जैदी, जीशान मुहम्मद खान मुराद, शाहिद अली खां, फहीमा बी, जाहिद खान और शाहिद अली खां, हस्सान आफंदी, मुफ्ती साजिद, मुफ्ती रईस, मुफ्ती फहीम, मुफ्ती अब्दुल मुकीत नदवी, मजहर मोईन खां, शहजादा रिजवान खां आदि मोजूद थे।

## नगर में गणेश उत्सव का शुभारंभ धूमधाम के साथ हुआ, बैनी महाराज मंदिर से निकाली शोभायात्रा



बिसौली आई एम खान। नगर में मंगलवार से गणेश उत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। नगर में दर्जन भर से अधिक स्थानों पर पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। बैनी महाराज मंदिर से गणेश जी की प्रतिमा शोभायात्रा के साथ चौराहे वाले मंदिर में स्थापित की गई। श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। इस अवसर पर चितरंजन गुप्ता, मनोज टाटा, अनिल मिश्रा, डा. गुंजन गुप्ता, आनंदप्रकाश एड., साहू सावेन्द्र, राहुल वार्ष्णेय, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# गणपती बाप्पा मोरया: क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लाह से मनाया गया



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। क्षेत्र गांव और विद्यालय सहित कई स्थानों पर सुख समृद्धि के देवता गणेश जी के चित्र के समक्ष पूजा कर विद्यालय सहित गांव में शोभायात्रा यात्रा निकाली व गणेश चतुर्थी महोत्सव हषोल्लास से मनाया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वरिष्ठ आचार्य जितेंद्र कुमार वत्सल ने दीप प्रचलन एवं पुष्पार्चन किया।कल्याण सिंह ने छात्र-छात्राओं के समक्ष गणेश जी की पौराणिक कथा प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने बताया की गणेश जी मां पार्वती के पुत्र,जिन्होंने भगवान शिव को उनके गणों सहित द्वार पर रोक लिया । क्रुद्ध होकर भगवान शिव ने उनका शीश काट दिया लेकिन माता पार्वती के रूष्ट होने पर शिव ने गणेश जी को गज का सिर लगा दिया और उन्हें जीवन प्रदान किया जिस कारण से गणेश जी गजानन कहलाए। कुणाल, वैभव बंसल, वैभव प्रताप, कनिष्क सिंह ओम तुलस्यान आदि भैया बहनों ने गणेश जी से संबंधित पौराणिक कथाएं प्रस्तुत की उधर थाना क्षेत्र के गांव आनन्दीपुर महेन्द्रनगर ग्राम प्रधान अनिल राठी के गणेश चतुर्थी गांव में शोभायात्रा निकाली जिसमें भारी संख्या महिलाएं पीले वस्त्र में कलश लेकर निकाली इस अवसर पर कक्षा द्वादश के भैया अंकुर कुमार को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने नेहरू नगर, गाजियाबाद में आयोजित प्रांतीय वैदिक गणित मेला में पत्र वाचन में भाग लिया जिसमें उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# आदर्श प्रेस क्लब के संगठन सचिव बने सुनील अग्रवाल सनी




अजमल हसन दैनिक समाज अफजलगढ़। आदर्श प्रेस क्लब सोसाइटी के अध्यक्ष एस एम असलम ने संगठन के सदस्य मोहल्ला किला निवासी युवा पत्रकार सुनील अग्रवाल उर्फ सनी को उनकी संगठन के प्रति निष्ठा एवं सक्रियता को देखते हुए उन्हें क्लब का संगठन सचिव मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त कर संगठन के अध्यक्ष एस एम असलम सहित क्लब के समस्त पदाधिकारियों एवं पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए सनी अग्रवाल ने कहा कि संगठन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उस विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास करते हुए संगठन का जीवन भर आभारी रहूंगा और सदैव संगठन के प्रति पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ काम करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का हर संभव प्रयास करूंगा। सनी अग्रवाल ने आगे कहा कि आदर्श प्रेस क्लब पत्रकारों का एक मजबूत और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रजिस्टर्ड संगठन है जो समय-समय पर पत्रकारों को हितार्थ अहम भूमिका निभाते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। सनी अग्रवाल ने क्षेत्र के तमाम सक्रिय पत्रकारों से भी आदर्श प्रेस क्लब से जुड़कर पत्रकारों की एकता को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया है।

# स्वामी राधानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर श्री गणेश शोभा यात्रा का किया शुभारंभ



दैनिक समाज जागरण संभल ' नगर पंचायत बबराला में स्वामी राधानंद दीक्षित महाराज खाटू श्याम भक्त ने दीप प्रज्वलित कर एवं नारियल तोड़कर श्री गणेश शोभायात्रा का शुभारंभ किया ' हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चौथ के पावन पर्व पर भक्तों के द्वारा लोहिया कॉलोनी से रामलीला ग्राउंड तक शोभा यात्रा का गाजे बाजे के साथ आयोजन किया गया ' शोभा यात्रा में जगह-जगह भक्तों को राधानंद महाराज के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया ' रामलीला सर्राफ बाजार में श्री गणेश भगवान की प्रतिमा को विराजमान किया गया ' संयुक्त रूप से सभी भक्तों ने गणेश वंदना कर भगवान श्री गणेश से सर्व समाज के कल्याण की प्रार्थना की ' वहीँ स्वामी राधानंद दीक्षित महाराज ने कहा की गणेश भगवान जग में प्रथम पूजनीय हैं ' कोई भी शुभ कार्य किया जाता है तो सर्वप्रथम गणेश जी भगवान की पूजा आराधना की जाती है और उनके आशीर्वाद से सभी कार्य सफल होते हैं ' इस मौके पर अमन वार्ष्णेय,सुरेश अग्रवाल,राकेश,नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन, मनीष यादव,नवनीत गांधी सुरेंद्र सिंह,सचिन तिवारी, आदि लोग मौजूद रहे '

# विशेष छापामार कार्रवाई किराना और मिष्ठान भंडार से भरे नमूने

**दैनिक समाज जागरण**



शावेज अहमद रामपुर।आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य)/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

उन्होंने बताया कि विशेष छापामार अभियान में शाहाबाद स्थित विनीत किराना स्टोर से मिर्च पाउडर का 01 नमूना तथा अजय मिष्ठान से छेना मिठाई का 01 नमूना, शंकरपुर स्थित शर्मा जनरल स्टोर से सरसों के तेल का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 3 नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप ससंगत धाराओं में वाद योजित किए जायेंगे।

सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामप्रताप, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष नवनीत शोंटू ने धर्मेंद्र वार्ष्णेय को बनाया नगर अध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण**



बिसौली आई एम खान। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की नगर इकाई घोषित कर दी गई है। जिलाध्यक्ष नवनीत कुमार शोंटू ने प्रतिष्ठित व्यवसाई धर्मेंद्र वार्ष्णेय को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। नगर युवा अध्यक्ष पीयूष मुरारी वार्ष्णेय बनाए गए हैं। बिल्सी रोड पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष नवनीत शोंटू ने जब नगर अध्यक्ष के रूप में धर्मेन्द्र वार्ष्णेय के नाम की घोषणा की तो वहां मौजूद वैश्य समाज के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। सुमित गोयल नगर महामंत्री, डा. अंकुश वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, युवा अध्यक्ष पीयूष मुरारी, महामंत्री पुलकित वार्ष्णेय, युवा कोषाध्यक्ष गोपाल वार्ष्णेय, संगठन मंत्री उत्कर्ष रस्तोगी मनोनीत हुए हैं। वहीं महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष निधि गुप्ता, महामंत्री संगीता रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अल्का वार्ष्णेय बनी हैं। जिलाध्यक्ष ने नगर के गौरव गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष व घनश्यामदास गुप्ता को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष नवनीत शोंटू ने बताया कि बैठक में आगामी 30 सितम्बर को नगर में आयोजित विशाल भगवा निशान यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया गया। वहीं उक्त कार्यक्रम में बतौर अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष नीरज वोरा व युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# जदयू ने काली पट्टी बांध कर किया भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर ( औरंगाबाद) 19 सितंबर 2023 जिले के औरंगाबाद प्रखंड सहित विभिन्न पंचायतों में राज्यव्यापी अभियान के तहत जदयू कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर भाजपा के खिलाफ पोल खोलो अभियान चलाया।जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य के महागठबंधन की सरकार द्वारा किये जा रहे जाति गणना के दौरान भाजपा के इशारे पर हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गणना को रोकवाने का साजिश रचा जा रहा है। इसी साजिश को बेनकाब करने के लिए 20 सितम्बर तक गांव गांव जदयू कार्यकताओं द्वारा काली पट्टी बांधकर,काला झंडा लगाकर भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं उसके दोहरे चरित्र का पोल खोलेगी।

वहीं औरंगाबाद के पूर्व सांसद ,पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने भाजपा पर पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलित, और अल्पसंखयक विरोधी होने का आरोप लगाया।अभियान मे शमिल जदयू के



मुख्य प्रवक्ता सह काराकाट सांसद प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह उर्फ राजा बाबू ने कहा कि ,वन नेशन वन इलेक्शन का नारा देकर भारत के संघीय ढांचे को नेस्तनाबूत करने की साजिश रची जा रही है।

इस आभियान में जदयू जिला उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष ओंकारनाथ सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष पप्पू ज्वाला सिंह, औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष राकेश सिंह, जिला सचिव रामानुज सिंह, जिला महासचिव धर्मेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष उदय सिंह, जिला महासचिव प्रभाकर कुमार सिंह, जिला महासचिव संजय राणा सिंह, फारूक केसर, आमोद चंद्रवंशी सहित अन्य शामिल रहे।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं की टोली ने केसपा ग्राम का किया भ्रमण

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

टिकारी (गया) - नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में 'मेरी माटी - मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत आज युवाओं की टोली माँ तारा नगरी केसपा ग्राम का भ्रमण किया। केसपा गांव में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी दलू सिंह, वैद्यनाथ शर्मा और शाहिद रोशन कुमार के घर की पवित्र मिट्टी प्राप्त किया।

सर्वप्रथम नेहरू युवा केन्द्र की ओर से सौरव शर्मा, नवीन कुमार,क्षितिज कुमार और गौरव कुमार स्वतंत्रता सेनानी दलू सिंह के घर पहुंचे। स्वतंत्रता सेनानी दलू सिंह के परपौत्र सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने उन सभी का स्वागत किया एवं अपने घर की पवित्र मिट्टी उन्हें भेंट किया। सभी युवाओं ने दलू सिंह के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दलू सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानियों की गुप्त बैठक आयोजित हुआ करती थी। उस दौर



में दलू सिंह एक जाने वाले घुड़स्वार थे, इसलिए वे गांव- गांव घूम कर युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित करते थे। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजों ने दलू सिंह को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन साक्ष्य के अभाव में एवं उनके समर्थन में उमड़े जन सैलाब को देखकर अंग्रेजों ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। स्वतंत्रता सेनानी बैजनाथ शर्मा के पुत्र राजेंद्र शर्मा ने अपने घर की पवित्र मिट्टी भेंट किया एवं शाहिद रौशन कुमार की मां ने गर्व के साथ अपने घर की पवित्र मिट्टी भेंट किया। तीन वर्ष पूर्व भारत - चीन सीमा पर मातृभूमि की रक्षा करते हुए रौशन कुमार शहीद हो गए थे।

मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम के द्वारा सभी स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया जा रहा है। हिमांशु शेखर ने कहा है कि स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए,एवं सभी विद्यालय का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के नाम पर किया जाना चाहिए।

# प्रखंड मुख्यालय में चिंतन शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 19 सितंबर 2023 :- प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद नीति आयोग द्वारा विभिन्न कारकों के आधार पर चिन्हित पिछड़े प्रखंडों का विकास करना है। नीति आयोग द्वारा 39 इंडिकेटर निर्धारित किए गए हैं। जिसमें



हेल्थ एंड न्यूट्रिशन सेक्टर के 14 इंडिकेटर, एजुकेशन के 11 इंडिकेटर, एग्रीकल्चर एंड एलाइड सर्विसेज से 5 इंडिकेटर, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से 5 इंडिकेटर एवं सोशल डेवलपमेंट से 4 इंडिकेटर पर काम करना है। हम सभी को साथ में मिलकर विभिन्न इंडिकेटर के आधार पर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी तैयार करनी होगी। जिसके आधार पर प्रखंड का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा है क्योंकि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्षेत्र के शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, बीपीआरओ हरेंद्र चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. यदुवंश यादव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्वेता कुमारी, विकास सिंह, मंसूर आलम आदि लोग उपस्थित थे।

# आयुष्मान भव अभियान की शुरूआत से देश के गांवों - कस्बों तक मिलेगी मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

(देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशाल कायम करने की योजना को लागू किए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी )

स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुष्मान भव अभियान की शुरूआत देश के गांवों व कस्बों के लिए बरदान साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में इस अभियान की सफलता हेतु आज औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा ने इस अभियान के प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की । प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा ने इस आयुष्मान भव अभियान को बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी द्वारा 2018 में शुरू किए गए इस योजना से अभी तक 5 करोड़ से अधिक लोगों का इलाज हुआ है। वहीं देश में अबतक 24 करोड़ 82 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वर्तमान आयुष्मान भव अभियान हर गांव - हर कस्बे तक पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की गारंटी देने का व्यापक राष्ट्रव्यापी प्रयास की शुरूआत है ।यह अभियान स्वस्थ गांव, स्वस्थ ग्राम पंचायत और अंततः देश में पूर्ण स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है ।इस योजना के तीन स्तंभ हैं। जिसमें पहला स्तम्भ देश में लाखों हेल्थ और वेलनेस सेंटरों पर आयुष्मान मेले का आयोजन करना ,दूसरा आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में तेजी लाना ,और तीसरा आयुष्मान सभाएं कर स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता को फैलाने का काम करना ।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चाहत है कि स्वास्थ्य मंत्रालय की योजनाओं का फायदा हर व्यक्ति तक पहुंचे और उन्हें मुफ्त में सारी सुविधाएं प्राप्त हो ।इस अभियान में देश में एक लाख 17 हजार से ज्यादा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर आयुष्मान मेला लगाकर हेल्थ की जांच होगी और जरूरत पड़ने पर जांच के बाद मेडिकल कॉलेज में इलाज हेतु रेफर किया जाएगा ।आज देश में 27 हजार से अधिक अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा मोदी सरकार द्वारा दी जा रही है ।इस आयुष्मान भव अभियान के तहत अब कार्ड बनाने की प्रक्रिया को और आसान किया गया है ।अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपने एंड्रायड फोन के जरीए Ayushman app डाउनलोड करके NHA DATA Privacy Policy accept करके,अपना सारा डिटेल भरकर इस कार्ड का रजिस्ट्रेशन करवा सकता है ।उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता हेतु प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के दिशा निर्देश पर पूरे बिहार के प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम 10 लोगों को यह आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम करेंगे ।आज पूरे देश का गरीब व मध्यम परिवार इस योजना से खुश हैं वहीं बिहार सरकार इस योजना पर ध्यान नहीं दे रही है ।2018 से लागू इस योजना में पूरे राज्य भर में मात्र 13% लाभार्थियों का हीं गोल्डेन कार्ड बन पाया है ।औरंगाबाद में अभी तक आयुष्मान कार्ड दो लाख चार हजार 640 लोगों का कार्ड बना है जबकि लक्ष्य 11 लाख 67 हजार 555 है ।इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह,देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,जिला महामंत्री मुकेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष वैभव विशाल टैगोर,जिला कोषाध्यक्ष आलोक सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,जिला प्रवक्ता दिपक सिंह,भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह,युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी टनटन सिंह,रौशन कुमार लोग उपस्थित रहे।

# क्रांतिकारी चिंतन व धारावाहिक संघर्षो के दम पर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ( गोप- गुट )"मूल" ने शिक्षकों की छुट्टी में भारी कटौती को वापस लेने के लिए सरकार को किया बाध्य- सत्येंद्र कुमार

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद( बिहार)-"बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोप गुट)'मूल' ने अपने क्रांतिकारी चिन्तन और धारावाहिक संघर्षों के दम पर शिक्षकों की छुट्टी में भारी कटौती को वापस लेने के लिए बाध्य करते हुए सरकार के आसमानी अहंकार को नीचे झुकाया है ।"- उक्त बातें संघ के राज्य महासचिव सत्येन्द्र कुमार ने आज यहां रा कादरी मध्य विद्यालय,दाउदनगर के प्रांगण में संघ की जिला कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए कही ! उन्होंने कहा कि नियोजित शिक्षकों को बिना कोई परीक्षा दिए राज्यकर्मी का दर्जा दिलाने हेतु हमारा संघ अपना संघर्ष जारी रखेगा तथा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करके इस संघर्ष को भटकाने के हर सरकारी प्रयास और तिकड़म को अंततः विफल करेगा.इस बैठक को संबोधित करते हुए संघ के राज्य स्तरीय सम्मानित-अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि हमारा संघ विद्यालयों के गहन निरीक्षण का विरोधी नहीं है लेकिन सरकार द्वारा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करने तथा शिक्षकों को अपनी जायज मांगों के लिए आवाज उठाने से रोकने के लिए निरीक्षण को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने के हर सरकारी कोशिशों का कड़ा प्रतिवाद करेगा ! उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार शीघ्र हीं शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षक संगठनों से वार्ता कर त्वरित कार्रवाई नहीं करती है तो फिर आगे हम बड़े दायरे के आंदोलन में उतरने के लिए बाध्य होंगे .संघर्षों की इसी कड़ी में हमने छुट्टी में कटौती के खिलाफ विगत 30 अगस्त 2023 से लेकर 05 सितम्बर 2023 तक जुझारू और धारावाहिक संघर्ष चलाया तथा सरकार को शिक्षकों की छुट्टियों में भारी कटौती के आदेश को वापस लेने के लिए बाध्य किया .राज्य-कमिटी की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अक्षरशः अमल करने का संकल्प लेते हुए इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास कर राज्य -कमिटी के दिशा-निर्देशों के आलोक में संगठन को सशक्त बनाने हेतु जी-



जान से प्रयास करने का संकल्प दोहराया . इसके तहत जिला कमिटी ने दाऊदनगर मुख्यालय में "शिक्षा एवं शिक्षकों की समस्याएं एवं आगामी कार्यभार" विषय पर आगामी 29 अक्टूबर 2023 को एक जिला स्तरीय कन्वेंशन करने का निर्णय लिया जिसे संघ के राज्याध्यक्ष बच्चु कुमार तथा राज्य कोषाध्यक्ष रामउदय कुमार संबोधित करेंगे.इसके पूर्व जिले के सभी प्रखंडों में उक्त विषय पर ही अलग-अलग प्रखंडों में प्रखंड-कन्वेंशन करवाने का निर्णय लिया गया जिसमें दाउदनगर में 08 अक्टूबर 2023 को ; गोह में 14 अक्टूबर 2023 को ; ओबरा में 01 अक्टूबर 2023 को तथा हसपुरा में 30 सितंबर 2023 को कन्वेंशन करवाने का निर्णय लिया गया जिन्हे जिला स्तरीय पदधारकगण संबोधित करेंगे ।इसके अलावा उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिले में बड़े पैमाने पर प्रचार-अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया जिसमें संघ के जिला स्तरीय चुनिंदा पदधारकगण अपनी भागीदारी निभाएंगे !बैठक में शिक्षा एवं शिक्षक हित से संबंधित जिला स्तर पर एक 25-सूत्री मांग-पत्र भी तैयार किया गया जिसमें शिक्षकों से पद-सोपान में काफी नीचे कार्य कर रहे कनीय कर्मियों से विद्यालयों का निरीक्षण करवाकर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करने के सरकारी आदेश पर शीघ्र रोक लगाने,सभी नियोजित शिक्षकों को बिना परीक्षा दिए 'सरकारी-कर्मी' का दर्जा दिलाने,वरीय शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति शीघ्र करने, बीपीएससी द्वारा वर्षः-1999 में बहाल शिक्षकों को भी जिला संवर्ग के अन्य शिक्षकों की भांति एम ए सी पी लाभ शीघ्र दिलाने, वर्ष-2020 की नियमावली के आलोक में नियोजित शिक्षकों को भी नियमानुकूल बेसिक-ग्रेड से स्नातक-ग्रेड में प्रोन्नति शीघ्र करने,स्नातक ग्रेड में कार्यरत शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के पद पर शीघ्र प्रोन्नति देने, बीपीएससी द्वारा बहाल जिला संवर्ग के शिक्षकों को भी 'अवर शिक्षा सेवा' के संवर्ग में प्रोन्नति हेतु नियमावली का निर्माण करने,इत्यादि 25-सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु अनवरत संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया .इस बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला कोषाध्यक्ष- प्रह्लाद प्रसाद तथा संचालन संघ के जिला सचिव-अवधेश कुमार ने किया. इनके अलावा इस बैठक में संघ के जिला उपाध्यक्ष-शाहिद अंसारी, महाफ़ुज आरिफ ; मुख्य संरक्षकः- सुरेन्द्र सिंह ; कार्यकारिणी सद्स्य- रामप्यारे प्रसाद, रामबली राम,इत्यादि कई सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे. इस बैठक में संघ की राज्य कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष- कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी तथा महासचिव-सत्येन्द्र कुमार बतौर प्रेक्षक उपस्थित रहे .

# ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकरी के कोर कमेटी ने सांड ग्राम का किया दौरा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

टिकारी( गया बिहार )- ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी की तत्वाधान में एक कोर कमेटी के सदस्यो ने टिकारी प्रखंड के सडा पंचायत अंतर्गत ग्राम दरियापुर की दौरा किया.मालूम हो की इस ग्राम निवासी श्री सुनील पाठक व श्री सुशील पाठक जी के पूज्य माताजी शारदा देवी का निधन दिनांक 13सितंबर 2023को आकस्मिक होने के जानकारी प्राप्त हुई थी. जानकारी उपरांत



कोर कमिटी के सदस्यो ने उक्त ग्राम का दौरा कर मृत आत्मा की शांति हेतु 02मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से कामना किया. इस विपत्ति काल में परिजनों को कमिटी के सदस्यो ने साहस धैर्य देने का कार्य किया और मंच सदैव साथ है का भरोसा दिया। स्व शारदा देवी एक धार्मिक प्रवृत्ति की नारी थे। इनके पति अवकाश प्राप्त शिक्षक थे जिनका नाम स्व कृष्णदेव पाठक था ।इस मौके पर मंचीय कोर कमेटी के लोगो में अनुमंडलीय सर्नक्षक श्री गोविंद पाठक, नगर अध्यक्ष टिकारी श्री योगेंद्र वैध, श्री ललित कुमार मिश्र, श्री कमलेश चंद्र पाठक, श्री रविन्द्र दिवेदी, अनुमंडलीय मंचीय सचिव श्री शिवबल्लभ मिश्र , मृतक के पुत्र श्री सुनील पाठक, श्री सुशील पाठक, सहित ग्रामीण श्री संजय पाठक श्री राजू पाठक आदि लोग मौजूद रहे.

# गणपति बप्पा का भक्तों व श्रद्धालुओं ने किया पूजा अर्चना- भारती प्रियदर्शनी

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया( बिहार)- गया के वर्णवाल महिला समिति ने पहली बार गोल पत्थर में गणपति बप्पा मोरिया की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना किया. उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष संगीता कश्यप व समिति के संयोजक सचिव भारती प्रियदर्शनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संयुक्त रूप से कहीं . उन्होंने आगे कहा कि



दिनांक- 20.9.2023 को 56 प्रकार का भोग लगाकर गणपति बप्पा को पूजा अर्चना किया जाएगा . वही संध्या काल में कलाकारों द्वारा संगीत की प्रस्तुति की जाएगी . तथा प्रसाद वितरण होगा. उन्होंने आगे कहा कि पितृपक्ष के दौरान वर्णमल परिवार द्वारा आगंतुकों को शुद्ध पेयजल एवं चाय की व्यवस्था निशुल्क किया जाता है. उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम कई वर्षों से की जा रही है. कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष निक्की वर्णमाला, सदस्य मधु वर्णवाल, पूनम बरनवाल, मायारानी, अर्चना बरनवाल ,सुनीता बरनवाल प्रीति वर्णमल ,गीता बरनवाल सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है.

# कार्यकाल में सभी का सराहनीय सहयोग के लिए धन्यवाद - प्रणव शंकर।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर के प्रकोष्ठ में बिदाई समारोह का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड प्रदेश।**

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर का माननीय उच्च न्यायालय द्वारा औरंगाबाद जिले में ही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तृतीय के पद पर स्थानान्तरण कर दिया गया है। स्थानांतरण हो जाने के उपरान्त आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर के प्रकोष्ठ में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभी कर्मी सहित जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवकता सहित अन्य लोगो द्वारा बिदाई दिया गया।

सर्वप्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मीगण सुनील कुमार सिन्हा एवं अर्पणा सहाय, परशुराम कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार, नवरत्न कुमार, कुन्दन कुमार मनोज कुमार चैधरी द्वारा पुष्प गुच्छ तथा माल्यार्पण करते हुए सचिव प्रणव शंकर द्वारा सचिव के रूप में बिताये गये लगभग दो साल आठ माह के अपने कार्यकाल में सचिव के रूप में किये गये कार्य तथा सहयोग के लिए आभार जताया गया तथा सचिव के रूप में किये गये कई स्मरणीय कार्यो को याद किया गया।

इस भावुक कर देने वाले पल में भी सचिव द्वारा कहा गया कि आप सभी का सचिव के रूप में कार्य करते हुए मुझे महत्वपूर्ण सहयोग मिला है । उनके द्वारा यह भी कहा गया कि मैं आशा करता



हू कि अगले सचिव भी आप सभी को पूर्णय सहयोग करेंगें और यह जो कार्य करने का वातावरण बनाया गया है उसे जारी रखेंगें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मीगण द्वारा विदाई समारोह के उपरान्त जिला विधि संघ के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े सभी पैनल अधिवक्ताओं द्वारा अलग से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्त नवीन कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही, अभिनन्दन कुमार, सुजीत कुमार सिंह, स्नेहलता, मो0 निजामृद्दीन, संतोष कुमार, अंजनी कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, चन्द्रकान्ता कुमार, निवेदिता कुमारी, प्रभावती राय, दिलीप सिंह, राणा सरोज कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार, राम दुलार मिश्रा, मुन्ना सहित अन्य लोगो ने पुष्प-गुच्छ एवं अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें भावपूर्ण बिदाई दिया तथा अपने नये दायित्व हेतु शुभकामनाऐं एवं बधाई दिया। इस अवसर पर जिला विधि संघ के अध्यक्ष के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्री प्रणव शंकर के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यो को याद करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में कई ऐसे यादगार कार्य किये गये जो वर्षो तक आने वाले लोगो के लिए प्रेरणाश्रोत रहेंगें जिनमें हक हमारा भी तो हैं, आजादी के अमृत जैसे कई दीर्घावधि तक चलने वाले कार्यक्रम को हमेशा याद किया जायेगा। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य सामाजिक स्तरो पर उनके द्वारा किये गये कार्यो एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की अभूतपूर्व उपलब्धि को हमेशा याद किया जायेगा। इस अवसर पर निवर्तमान सचिव प्रणव शंकर के द्वारा पैनल अधिवक्ताओं से कहा गया कि आपका सहयोग हमेशा अविष्मरणीय रहा है उम्मीद करता हू ,आगे भी आपका सहयोग जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रति उसी भाव एवं उत्साह से बना रहेगा।

# शिक्षित युवाओं को ग्रामीण विकास मिशन के तहत रोजगारः - आईएसीसीओ

दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

औरंगाबाद । इंडियन एंटी क्राइम एंड करप्शन ऑर्गेनाइजेशन के तहत शिक्षित युवाओं को प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर में रोजगार में मुहैया कराया जा रहा है। बिहार प्रदेश के अध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य है कि शिक्षित लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मुहैया कराया जाए साथ ही बताया कि नारी सशक्तिकरण, शैक्षणिक विकास व ग्रामीण सामाजिक विकास के क्षेत्र में काम किया जा रहा है। प्राइवेट



बैंकिंग सेक्टर में युवाओं को रोजगार पाने के लिए 10+2(इंटीमीडिएट) पास होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार संस्था के कार्यालय पटेल कॉलोनी, नियर मनोकामना मंदिर, नागा बीघा रोड, औरंगाबाद, बिहार पर संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 9304 455 819 पर संपर्क कर सकते हैं। अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण के बाद कार्य कराया जाएगा।

# न्यायधीश सुकूल राम बने जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के नये सचिव।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार झारखंड प्रदेश।

औरंगाबाद (बिहार) 19 सितंबर 2023:- व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के न्यायधीश सुकूल राम ने जिला आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव पद का पदभार एडीजे प्रंनव शंकर से लिया, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि हाईकोर्ट पटना ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रंनव शंकर को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडीजे



तीन बनाया है और एडीजे तीन ब्रजेश कुमार सिंह को एडीजे चार बनाया है, न्यायधीश सुकूल राम सबजज तीन के पद पर थे उनके जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव बनने पर जिला विधिज्ञ संघ और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, सचिव, पैनल अधिवक्ताओं समेत अधिवक्ताओं ने खुशी प्रकट करते हुए बधाई दी है, जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के नये सचिव सुकूल राम ने पदभार ग्रहण कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों की जानकारी ली और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के इसी तरह से जनसेवा में प्रसिद्धि बरकरार रखने की बात कही है

# औरंगाबाद जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी विभागों का समन्वय सह फॉलोअप बैठक का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन को फंक्शनल कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों को बैठने की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का फायदा पंचायत स्तर पर मिल सके। इसके अतिरिक्त विभागीय निर्देश के आलोक में नए पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिन्हित कर यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी सभी अंचल अधिकारी को प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक के साथ बैठक कर



डीजल अनुदान से संबंधित आवेदन सभी पंचायतो से प्राप्त कर जिला कृषि कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी नबीनगर को बैठक से अनुपस्थित रहने एवं बीज वितरण के कार्य में शिथिलता बरतने के आलोक में स्पष्टीकरण करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया।

कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन को नल जल योजना का उचित तरफ रखाव करने का निर्देश दिया गया। वरीय प्रभारी विधि शाखा डा. फतेह फैयाज को जिला अंतर्गत टखउ वादों का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को शेष बचे भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि चिन्हित कर जिला शिक्षा कार्यालय में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले में सामुदायिक भवन सह वर्कशेड एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु स्थल चिन्हित कर भूमि से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

इसके पश्चात अपर समाहर्ता द्वारा सभी विभागों से उनके विभागीय पत्रों एवं लंबित कार्यों के आलोक में चर्चा की गई एवं लंबित कार्यों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, वरीय उप समाहर्ता डॉ फतेह फैयाज, अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार दास, नगर कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, स्थापना उप समाहर्ता धर्मेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता आलोक कुमार, डीपीओ आईसीडीएस, एडीसीपी अनिता कुमारी, जिला कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप, कार्यपालक अभियंता एवं वीसी के माध्यम से अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नबीनगर थाना क्षेत्र से अवैध शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार भेजे गए जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 19 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के सलेया पहाड़ से पुलिस ने देसी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया है ।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र मे शराब धंधेबाज सक्रिय है ।एस आई अरविंद कुमार एवम सशस्त्र बल ने सलेया पहाड़ पर छापेमारी कर 60 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब बरामद किया ।वही मौके पर महुअरी गांव निवासी रघुवर चौहान पिता स्वर्गीय सिपाही चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरी ओर नबीनगर के मंसूरी मोहल्ला के समीप से गश्ती के दौरान पी एस आई अनित कुमार एवम टीम द्वारा द्वारा 180 एम एल का 10 पीस देसी टनाका शराब के साथ एक धंधेबाज महेंद्र कुमार पिता गुरु चरण साव मंसूरी मोहल्ला निवासी को गिरफ्तार किया गया

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि बरामद किए गए शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किए गए दोनो को जेल भेज दिया गया है

# तेजस्वी जी !प्रदेश नेतृत्व द्वारा अररिया जिलाध्यक्ष चयन करते समय बड़ी हो गई है चूक,लोकसभा चुनाव है सामने

*अररिया राजद जिलाध्यक्ष का क्रियाकलाप और अभद्रतापूर्ण व्यवहार से जमीनी राजद कार्यकर्ता परेशान*

*जिला के पुराने तथा कर्मठ कार्यकताओं ने कहा "तीतर के हाथ लगा बटेर"*

**पटना।**

प्रदेश नेतृत्व द्वारा अररिया जिलाध्यक्ष चयन करते समय एक बहुत बड़ी चूक हो गई। जुम्मा-जुम्मा आठ रोज हुए पार्टी में आए और जिला राजद के देव- दुर्लभ कार्यकताओं से अनभिज्ञ मनीष यादव जी को जिलाध्यक्ष जैसे अहम पद का दायित्व दे दिया। अररिया राजद आज भंवर में फंस गई है, उजावान कार्यकर्ता धीरे-धीरे निष्क्रिय हो रहे हैं। पुराने कार्यकताओं एवं सांगठनिक पदाधिकारियों की अनदेखी और उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार के कारण जिला में सर्वप्रथम जिला संगठन के निर्माण में राजद के पुराने कार्यकताओं को दरकिनार कर दिया गया। पुराने जिला संगठन और प्रखंड के पदाधिकारियों में से मात्र तीन व्यक्ति अमित पूर्वे, रामनारायण विश्वास और राजेश यदुवंशी को संगठन में लिया गया। जिला राजद के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो निवर्तमान जिला प्रधान महासचिव अरुण यादव, जिन्हें कि स-सम्मान एक नम्बर उपाध्यक्ष बनाया जाना चाहिए था, उन्हें पुछना भी इन्होंने गवारा नहीं समझा और दूध की मक्खी की तरह बाहर फेंक दिया। किसी भी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और अधिकतर प्रखंड पदाधिकारियों को कोई स्थान नहीं दिया गया। जिलाध्यक्ष के अभद्रतापूर्ण व्यवहार और हिटलरशाही का महत्वपूर्ण उदाहरण है , जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे जी और जिला महासचिव राजेश यदुवंशी जी का त्यागपत्र, इन्होंने पद पर बने रहने से अच्छा इज्जत बचाये रखने के लिए त्यागपत्र देना ही उचित समझा। अब पुराने कार्यकताओं में से संगठन में रखे गए, मात्र एक और नाम रामनारायण विश्वास, तो वे भी जिलाध्यक्ष के क्रियाकलापों से आहत हैं और खुद को लगभग निष्क्रिय कर लिया है। जिला के लगभग सभी वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ता खुद को ठगा - ठगा महसूस कर रहे, खुद के दल के बैठक में उन्हें लगता है कि वे कहीं गैरों के महफि ल में आकर बैठ गए हैं। पूर्व जिलाध्यक्षों की बात की जाए तो चाहे वो विश्वमोहन यादव जी हों , जनाब कमरुज्जमा साहब



हों या फिर सुरेश पासवान जी सभी दल और दलीय कार्यकताओं की दशा देखकर हतप्रभ हैं। अपने द्वारा जिला में सींचे गए राजद और राजद कार्यकताओं का हस्र उन्हें बेचैन कर दे रही है। जिलाध्यक्ष का ड्राइवर और कई ऐसे व्यक्ति जो राजद के प्राथमिक सदस्य भी नहीं रहे हैं आज जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी हैं जबकि लगभग सारे वरिष्ठ और महत्वपूर्ण कार्यकर्ता दरकिनार कर दिए गए हैं।

रही बात जिला के प्रदेश पदाधिकारियों की तो एक पदाधिकारी मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव ने बताया कि उन्हें आज तक किसी भी बैठक की सूचना मुझे न तो ह्वाट्सएप और काल के माध्यम से मुझे दी गई है , मात्र एक बार जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास जी का मेरे चलभाष पर उनका कॉल मेरे पास आया था , परन्तु बाहर होने के कारण मैं बैठक में भाग नहीं ले सका। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश पदाधिकारियों का लगभग यही हाल है। कुल मिलाकर देखा जाए तो लोक-सभा चुनाव से पूर्व पार्टी की स्थिति जिला में दयनीय होते जा रही है।

**ए टू जेड नीति की उड़ रही धज्जियां**

पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, जो कि 1990 से समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं , और उस समय तात्कालीन जनता दल के नरपतगंज प्रखंड के युवा अध्यक्ष रह चुके हैं तथा पिछले दो कार्यकाल से राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हैं , उन पर मिथ्या ही आरोप लगाकर प्रदेश में शिकायत दर्ज करा आए। जबकि उनके शिकायत के दोनों बिन्दु बेबुनियाद हैं , जिला अध्यक्ष राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ महानन्द विभू के जिस कार्यक्रम हवाला देकर शिकायत की गई है , उस कार्यक्रम के बैनर में जिलाध्यक्ष की तस्वीर लगी है और उनके कॉल डिटेल का स्क्रीन शॉट भी मौजूद है जो यह दशार्ता है कि उन्होंने जिलाध्यक्ष को कार्यक्रम के निमित्त उन्हें काल किया था। ए टू जेड का दूसरा उदाहरण है , फारबिसगंज प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, जो कि लगातार दूसरी बार निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष हैं और वर्तमान में फारबिसगंज प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष ही नहीं फारबिसगंज में एक रसूखदार राजनीतिक छवि रखते हैं, उनके खिलाफ भी प्रदेश में जाकर शिकायत दर्ज करा आए। अनुशासन हीनता तो और कि प्रदेश महासचिव भाई अरुण द्वारा इन दोनों के नाम निर्गत गोपनीय शो-काउज प्रपत्र को जिला के अधिकारिक ह्वाट्सएप ग्रुप में खुद से सार्वजनिक कर उन्हें खुलेआम तौर पर अपमानित करने का प्रयास किया साथ ही जिलाध्यक्ष जैसे गरिमामय पद को तार-तार कर दिया। ए टू जेड के नीति को मटियामेट करने का तीसरा उदाहरण है , जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे का इस्तीफा। ऐसे कई उदाहरण है।

**पार्टी संविधान का उड़ा रहे धज्जियां**

पार्टी संविधान के अनुसार सांगठनिक निर्वाचन में निवार्ची पदाधिकारी का निर्णय सर्वमान्य होता है और उनके द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र आउथेंटिक होता है। जिलाध्यक्ष ने अपनी सुपरमेसी दिखाने के लिए सभी निर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों को पुनः मनोनयन पत्र देते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र वैलिड है और इसे प्रदेश से एप्रुव जब तक नहीं करा लेता आप खुद को फुलफ्लेजेज प्रखंड अध्यक्ष नहीं समझें। इतना ही नहीं प्रखंड अध्यक्षों और निर्वाचित पंचायत अध्यक्षों को भी बार-बार पद से हटाने का धमकी देते हैं । स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि प्रदेश ने सारे अधिकार जिला अध्यक्ष को दे रखा है।

**कार्यालय स्थानान्तरण**

जब पूर्व विधायक अनिल कुमार यादव राजद के जिलाध्यक्ष हुआ करते थे , तब ही उन्होंने खुद की जमीन खरीद और मकान बनाकर उसे जिला राजद कार्यालय के रुप में स्थापित किया था , तब से चाहे वह कमरुज्जमा साहब का दो-दो कार्यकाल हो या सुरेश पासवान जी का जिला कार्यालय के रुप में स्थापित रहा और सभी कार्यकताओं के लिए घर जैसा था , रात्रि में जरुरत पड़ने पर वहां कार्यकताओं के रुकने की भी सुविधा थी। चौबीस घंटा यह कार्यालय कार्यकताओं के लिए उपलब्ध था। सिर्फ और सिर्फ पूर्व विधायक अनिल कुमार यादव जी को अपमानित करने के ख्याल से जिलाध्यक्ष ने कार्यालय दूसरे जगह स्थानान्तरित कर दिया वरण इस निमित्त उन्होंने उन्हें सूचित करना भी उचित नहीं समझा।

**जिलाध्यक्ष के भाषण की रुपरेखा**

प्रत्येक बैठक में जिलाध्यक्ष के भाषण का मूल रुप रेखा सिर्फ और सिर्फ यही तक सीमित रहता है कि पूर्व के सांगठनिक पदाधिकारियों ने ये नहीं किया, पूर्व के विधायक ने ये नहीं किया। अपनी महत्ता दिखाने के लिए खुद के पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों और पूर्व विधायक को बदनाम करने का कोई प्रयास नहीं छोड़ते। उनके भाषण में यदा-कदा ही और शायद नहीं ही भाजपा विरोध की बू आती। न जानें क्यों परन्तु वे भाजपा के विरोध करने से कतराते रहते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो अगर प्रदेश नेतृत्व इन बिंदुओं पर संज्ञान नहीं लेती है तो अररिया राजद का भगवान ही मालिक.....

# जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ मिशन इंद्रधनुष का पहला चरण

*अभियान के क्रम में निर्धारित लक्ष्य से अधिक लाभुकों को किया गया टीकाकृत*

**अररिया ।**

जिले में 11 से 16 सितंबर तक संचालित मिशन इंद्रधनुष 0.5 का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के क्रम में निर्धारित लक्ष्य से अधिक लाभुकों को टीकाकृत किया गया। गौरतलब है कि नियमित टीकाकरण अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में तीन चरणों में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। छह दिवसीय अभियान का पहला चरण बेहतर उपलब्धि के साथ जिले में संपन्न हो चुका है। अभियान का दूसरा चरण 09 से 14 अक्टूबर व तीसरा चरण 27 नवंबर 02 दिसंबर के बीच संचालित किया जाना है। पहले चरण की उपलब्धियों से उत्साहित विभाग अभियान के दूसरे व तीसरे चरण में अपनी उपलब्धियों में सुधार करते हुए राज्यस्तरीय रैंकिंग में अपने प्रदर्शन में सुधार के प्रयासों में जुट चुका है। सोमवार को डीआईओ की अध्यक्षता में आयोजित डीडब्ल्यूआर की बैठक में इसकी रणनीति पर विस्तृत विमर्श किया गया। जिला प्रतिरक्षण



पदाधिकारी डॉ मोईज ने अभियान की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ये अभियान जिले में पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने कहा कि अभियान की उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य से भी बेहतर रहा है। अभियान के आगामी चरण में हम अपनी उपलब्धियों को और अधिक बेहतर करने के प्रयास में जुट चुके हैं। अभियान की सफलता के लिये उन्होंने स्वास्थ्य, आईसीडीएस, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों से मिले सहयोग व समर्थन की सराहना करते हुए उन्होंने अभियान के अगले चरण की सफलता के प्रति आश्वस्त किया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि अभियान में निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक जिले में कुल 1040 टीकाकरण सत्र संचालित किये गये। इसमें पांच साल तक के बच्चों के टीकाकरण संबंधी लक्ष्य 19 हजार 147 की तुलना में कुल 18 हजार 225 बच्चों को टीकाकृत किया गया। मामले में जिले की उपलब्धि 95.2 प्रतिशत रही। इसी तरह गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण संबंधी लक्ष्य 03 हजार 598 की तुलना में कुल 04 हजार 311 गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टीका की निर्धारित डोज लगायी गयी। गर्भवती महिला के टीकाकरण मामले में जिले की उपलब्धि 119 प्रतिशत रही।

**टीकाकरण के महत्व के प्रति**

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने अभियान की सफलता पर संबंधित सभी विभाग व अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के सुरक्षित व सेहतमंद भविष्य के लिये टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है। टीकाकरण के महत्व के प्रति लोग धीरे-धीरे जागरूक हो रहे हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिये ये जरूरी है। अपने परिवार व समाज की सुरक्षा के लिये उन्होंने टीकाकरण को प्राथमिकता देने की अपील आम लोगों से की।

# बैंक लूट की योजना विफल, पुलिस के हत्थे चढ़ा अपराधकर्मी

*01 देशी पिस्टल, 02 जिंदा कारतूस एवम 02 मोबाईल फोन बरामद*

*महलगांव पुलिस ने दो भिन्न - भिन्न कांडो की 02 अपहताओ को सकुशल किया बरामद*

**अररिया।**

दिनांक 18 सितंबर दोपहर करीब 1.30 बजे अररिया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी अररिया थाना अंतर्गत कुसियारगांव स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के पास लूट के अपराध के लिए जमा हुए है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अररिया थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसके द्वारा सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए अपराध की योजना बना रहे उक्त अपराधियो में से (01) मो० खालिद, उम्र करीब 42 वर्ष पिता मो० रईसुदीन, सा०- तुरकैली, वार्ड नं 03, थाना- जोकीहाट, जिला -अररिया को 01 देशी पिस्टल, 02 जिंदा कारतूस एवम 02 मोबाईल फोन के साथ रंगे हाथ घटना स्थल पर ही



गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। जिनका भी पहचान करते हुए लूट की योजना बना रहे उक्त अपराधियों में से एक अन्य (02) ओमप्रकाश उर्फ पुत्तुल राय, उम्र करीब 45 वर्ष, पिता- स्व० रामानन्द राय, सा०- गुणबंती, थाना बौसी, जिला अररिया को भी रात्री में गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मो० खालिद हुसैन का पूर्व का भी अपराधिक इतिहास रहा है। उपर्युक्त संबंध में अररिया थाना अंतर्गत कांड संख्या-935/23, दिनांक- 18/09/23, धारा- 399/402 भा० द० वि० एवम 25 ( 1-b) a/ 26/35 आर्म्स एक्ट अंतर्गत दर्ज किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इधर महलगांव ओ० पी० पुलिस द्वारा महालगाव थाना अंर्तगत दर्ज दो भिन्न - भिन्न कांडो की 02 अपहताओ को सकुशल बरामद किया गया।

# ओम नगर वार्ड नंबर 8 में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू

**अररिया।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अररिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ओम नगर वार्ड नंबर 8 बिजली पावर हाउस के सामने धूमधाम से गणेश पूजन महोत्सव का विधि विधान के साथ पूजा की शुरूआत की गई। बताते चलें कि पिछले 16 वर्षों से ओम नगर वार्ड नंबर 8 में गणेश पूजन महोत्सव बरे धूमधाम से मनाया जाता है। गणेश पूजनोत्सव समिति ओम नगर के संस्थापक गगन कुमार झा ने बताया कि आज 19 सितंबर से गणेश पूजा शुरू होकर 28 सितंबर 2023 को अनंत पूजा के पश्चात हवन उपरांत गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन कर 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन किया जाएगा। गणेश पूजनोत्सव समिति ओम



नगर के अध्यक्ष राजू राय, सुभाष जायसवाल, नितेश सिंह, पप्पू शाह, धीरज पासवान, रूपेश भगत, अमित शाह, शशि भूषण ठाकुर, विकास प्रकाश, रतन कुमार, निक्की शाह, कृष्णा पासवान, मनोज टेंट , कमलेश कुमार सहित सभी कार्यकर्ता पूजा को सफल बनाने एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे रहते हैं।

# दीक्षारंभ 23 सितंबर को

**मधेपुरा।**

ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के गणित विभाग में 23 सितंबर (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से स्नातक प्रथम खंड के विद्यार्थियों का दीक्षारंभ सह सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सभी नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें विद्यार्थियों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा वर्ग तालिका आदि उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अर्थपाल डॉ. मिथलेश कुमार अरिमर्दन तथा विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर होंगे।

# पोल खोल अभियान के तहत जदयू नेताओं ने काले झंडे के साथ मनाया काला दिवस

**अररिया।**

बिहार सरकार की ओर से जातीय जनगणना किए जाने के फैसले के विरोध में भाजपा द्वारा सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद भाजपा को मिले निराशा और उनके षड्यंत्र को बेनकाब करने को लेकर जदयू की ओर से पोल खोल अभियान चलाया जा रहा है ।इसी अभियान के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय में जदयू कार्यकताओं ने काला झंडा और बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जातीय जनगणना को लेकर भाजपा के नापाक इरादों का पोल खोला ।जदयू जिलाध्यक्ष आशीष पटेल के नेतृत्व में आयोजित पोल खोल कार्यक्रम में जदयू कार्यकताओं ने काली मंदिर चौक से चांदनी चौक होते हुए एडीबी



चौक तक विरोध मार्च किया ।तीसरे चरण में आयोजित कार्यक्रम में जदयू कार्यकताओं ने आमजनों से भाजपा के जातीय जनगणना को लेकर उनके दोहरे चरित्र से भी आम जनमानस को रूबरू कराया ।इस दौरान मार्च में शामिल जदयू कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। पोल खोल अभियान के विरोध मार्च में शामिल जदयू कार्यकर्ता काला झंडा थाम नगाड़े बजाते हुए मार्च कर रहे थे। पोल खोल अभियान के तहत विरोध मार्च में जदयू के प्रदेश सचिव पवन कुमार मिश्रा,रमेश सिंह,संचिता मंडल,युवा जदयू जिलाध्यक्ष अरबाज रजा, सीताराम मंडल, उमेश पासवान, नवरेज आलम, इम्तियाज आलम,राजू मंडल, सदानंद मंडल, संजय यादव, अनुज कुमार प्रधान,गुड्डू अली, मनीष मेहता बुधन ऋषिदेव, मिथिलेश ऋषिदेव सहित बड़ी संख्या में जदयू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रामपुर छातापुर के पनोरमा नगर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल, द्रुत गति से कार्य जारी

**छातापुर ।**

पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने छातापुर प्रखंड के रामपुर पनोरमा नगर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल लोगों को समर्पित करेगें।श्री संजीव बाबू ने कहा कि मां और मातृभूमि के ऋण से वे उबर नहीं सकते। वे अपनी जन्म भूमि के लिए कुछ कर गुजरने से परहेज नहीं हैं। अस्पताल उद्घाटन से पूर्व डॉक्टर्स टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया था ।अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल शुभारंभ को लेकर कार्य जोरों पर है । ए ग्रेड नर्स, नर्स



आदि के लिए भेकेंसी भी जारी हुई है। भव्य गेट पर अस्पताल का नाम अंकित किया जा चुका है। अन्य कार्य प्रगति पर है ।बता दें कि रियल एस्टेट के क्षेत्र में सूबे के अव्वल श्री मिश्रा शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभा रहे हैं ।अब अपने गृह क्षेत्र रामपुर छातापुर में जल्द एक आधुनिक अस्पताल की शुरूआत करने वो जा रहे हैं जिसमें सबों का सुझाव एवं सहयोग अपेक्षित रहने की बात उन्होंने कही।

# कॉमर्स कॉलेज में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु प्रधानाचार्य की अगुवाई में किया गया वृक्षारोपण

**मधेपुरा।**

बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार की अगुवाई में वृक्षारोपण किया गया। डा. कुमार ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षारोपण यानी वृक्ष लगाना। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने



आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। इस मौके पर उनके साथ प्राध्यापक गण मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा पूजनोत्सव संपन्न

*"ग्रेस्टोन इंफ्रा" एवं "सीमांचल कंस्ट्रक्शन" द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया विश्वकर्मा पूजा*

*परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने नाम आंखों से दी विदाई*

**अररिया।**

"ग्रेस्टोन इंफ्रा" एवं "सीमांचल कंस्ट्रक्शन" द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव अररिया फोर लेन स्थित कार्यालय में



विधि विधान पूर्वक की गई ।सीमांचल कंस्ट्रक्शन्स के मालिक सह परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा के कुशल नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। जमकर जयकारा लगा। भक्ति गीत से वातावरण गुंजायमान रहा ।मंगलवार को नम आंखों से मूर्ति विसर्जित की गई। विश्वकर्मा पूजा यूं तो कई जगह हुआ किंतु इस जगह का पूजा का यादगार आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के चाणक्य के रूप में चर्चित वरीय समर्पित भाजपा नेता प्रेम कुमार मिश्रा भी पूजनोत्सव एवम विसर्जन कार्यक्रम में शरीक रहे।

# भाजपा युवा नेता आदित्य दत्ता को मातृ शोक

*महिला पर्यवेक्षिका समाज कल्याण विभाग अररिया अर्चना घोष नहीं रही*

**रानीगंज।**

रानीगंज बाजार निवासी भाजपा युवा नेता आदित्य दत्ता की मां एवं महिला पर्यवेक्षिका समाज कल्याण विभाग अररिया श्रीमती अर्चना घोष का निधन सोमवार को शाम 5:00 बजे हो गई मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया इस मौके पर रानीगंज बाजार की सभी प्रमुख दुकान बंद रखी गई, वह अपने पीछे दो पुत्र छोड़ कर गई है आदित्य दत्ता एवं अंशु राज , उनके निधन पर भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, युवा जिला अध्यक्ष आकाश राज, जिला परिषद अमन राज, कृष्ण कुमार सेनानी, सुमन झा, मुकेश कुमार गुड्डू, मनोज पासवान, टिंकू पासवान, पिंटू महतो, शाहिद उनके परिवार के सुशांत दत्ता गुड्डू, सत्यजीत दत्ता फूचा, विक्की दत्ता, रूपक डे, रंजीत दत्ता, देवाशीष दत्ता, आकाश दत्ता, प्रसनजीत दत्ता, रणवीर मिश्रा, हैप्पी नायक, राजीव चौधरी, संजीत राज आदि ने दुख जताया है।

# पीपिंग समारोह का आयोजन

**अररिया।**

मंगलवार 19 सितंबर को पुलिस अधीक्षक महोदय अररिया के निर्देशन



में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया जिसमे अररिया जिला के नवपदोंन्नत पुलिस निरीक्षक श्रेणी के पुलिस पदाधिकारियों को उच्चतर पद का बैज लगाकर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया ।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से भाजपा कार्यकताओं में नयी ऊर्जा का हुआ संचार: समर सिंह

*आगामी चुनाव में इसका प्रभाव दिखेगा*

**अररिया।**

भाजपा के कद्दावर नेता सह लोकसभा संयोजक भाई समरनाथ सिंह उर्फ समर जी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के जोगबनी आगमन से भाजपा कार्यकताओं में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है. आगामी चुनाव में इसका प्रभाव दिखेगा. उनके आगमन से ना केवल भारत नेपाल के व्यापारिक संबंध को और मजबूत होगा. उनके आगमन से इस सीमावर्ती क्षेत्रों का चहुमुखी विकास होना तय है। श्री सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट जोगबनी में पहली बार गृहमंत्री अमित शाह के आगमन से सीमा क्षेत्र की सुरक्षा पुख्ता होने के साथ भारत-नेपाल के बीच बेटी रोटी के रिश्तों



में प्रगाढ़ता आएगी. सामरिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण इस सीमावर्ती क्षेत्र में उनके आगमन पर बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल उत्साहित लोगों खासकर युवाओं में ना सिर्फ राष्ट्रीय भावना के जज्बे को मजबूत किया है बल्कि नई ऊर्जा का संचार किया है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा वे माननीय गृह मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र समर्पित किया। पत्र में श्री सिंह ने बिहार सकरार की निष्क्रियता से लंबित पूर्णिया चुनापुर हवाई अड्डा को दरभंगा पैटर्न पर शीघ्र चालू करने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश विकास की ओर अग्रसर है तथा भारत का सम्मान आज विश्व में काफी बढ़ा है एक ओर देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है तो सीमाओं पर जवानों की सुविधाएँ बढाई गयी है । भारत की जनता का अटूट विश्वास मोदी जी पर है बिहार के चालीसों सीट सहित लोकसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी तथा पुनः देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी हीं बनेंगे।

# खवासपुर में गणपति दल के विशेष आमंत्रण पर शामिल महोत्सव में शामिल हुए संजय मिश्रा

**फारबिसगंज ।**

एस डी एम ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सह खांटी समाजसेवी संजय मिश्रा फारबिसगंज प्रखंड स्थित गणेश चौक खवासपुर में गणेशोत्सव में गणपति दल के विशेष आमंत्रण पर शामिल हुआ,मौके पर पूर्व मुखिया कुमार झा,पैक्स अध्यक्ष सनोज झा,



शिक्षक बासुकी नाथ मिश्रा सहित गणपति दल के कई लोग मौजूद थे।

# झपटमारों ने उड़ाए 49 हजार

**प्रातः संकलन प्रतिनिधि**

मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र स्थित नारियल विकास बोर्ड के समीप झपटमार गिरोह के सदस्यों द्वारा एक महिला से 49 हजार रूपया लेकर फरार हो गया .वही इस बाबत टूना देवी पति अरुण चौधरी ने बताया कि वे अपने पुत्र के साथ बैंक से 49 हजार रूपया निकासी कर बाइक से अपने घर भेलवा जा रहे थे. इस बीच नारियल विकास बोर्ड के समीप पीछे से आ रहे एक बाइक पर सवार दो युवक रुपए का थैला झपटकर मधेपुरा की ओर भाग गया. वही उनके पुत्र के द्वारा झिटकिया तक पीछा भी किया गया लेकिन पकड़ नहीं पाया.इस बाबत थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है .

# आज आएगी जन आशीर्वाद यात्रा, जिला मुख्यालय रायसेन में स्वागत की व्यापक तैयारियां।

### सभा स्थल पर पहुंच जिला भाजपा अध्यक्ष, जन आशीर्वाद यात्रा जिला संयोजक सहित भाजपा नेताओं ने लिया जाएगा।

रायसेन। भारतीय जनता पार्टी के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा आज सांची से चलकर जिला मुख्यालय रायसेन आएगी जहां जन आशीर्वाद यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा, कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शहर के बीचों-बीच महामाया चौक पर आयोजित होने वाली सभा स्थल का जायजा लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र तिवारी, भूपेंद्र सिंह वर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, एस मुनियन, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, बंटी महेश्वरी, शिवराज सिंह कुशवाह, बबलू ठाकुर, बृज बिहारी मिश्रा, राकेश मालवीय, राजेश कुशवाहा, विश्वास रैकवार सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता इस दौरान तैयारी का जाएजा लेने के लिए पहुंचे । भाजपा के भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने



जिला मुख्यालय पर आने वाली जन आशीर्वाद यात्रा का भव्य स्वागत करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रखी हैं रायसेन सीमा क्षेत्र में जैसे ही जन आशीर्वाद यात्रा प्रवेश करेगी वैसे ही भाजपा कार्यकर्ता उत्साह वर्धन करते हुए रैली के माध्यम से जन आशीर्वाद यात्रा के साथ चलकर सभा स्थल तक आएंगे इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं इस दौरान जगह-जगह जाना आशीर्वाद यात्रा का पुष्प बरसा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक सुरेंद्र तिवारी ने सभी भाजपा नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने एवं भव्य स्वागत करते हुए आयोजित सभा को सफल बनाए जाने की अपील की है।

# पीड़ित को हैं गले लगाते,अपराधी को सबक सिखाते मतलब कानपुर के जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले कानपुर में त्योंहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सफलता के बाद पुलिस कमिश्नर डा. आर के स्वर्णकार की अगुवाई में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही लगातार जारी है। सभी संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी का यह सिलसिला लोकहित में निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी के कुशल निर्देशन में जारी है। उनकी परिश्रम पूर्ण कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा अपने अब तक के कार्यकाल में पड़ने वाले निकाय चुनाव के साथ ही सभी त्योहारों को भी बहुत शांति पूर्ण और सकुशल तरीके से सम्पन्न करने में सफल हो चुकी है। जहां तक पीड़ितों की हर संभव सहायता का सवाल है। जनहित में बहुत लोकप्रिय कार्य शैली वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी कठोर परिश्रम के साथ तब तक जुटे रहते हैं ,जब तक जनहित का उद्देश्य पूरा नहीं हो जाता। विभागीय सूत्रों के मुताबिक यूपी की योगी सरकार की मंशा पर खरे उतरने की दिशा में सफलता पूर्वक लगातार अग्रसर देश प्रदेश के कर्तव्य निष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक यहां के जुझारू तेवरों वाले प्रभावी कार्रवाई के मामले में बहुत बेजोड़ जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी जिस बात का विशेष ध्यान रखते हैं ,वह है ,निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी



बचे नहीं। यही वजह है कि जो भी पीड़ित उनके पास आता है। वह उनकी कार्यवाही और शालीनता पूर्ण व्यवहार से पूर्ण संतुष्ट और खुश होकर ही जाता है। नौबस्ता ,चकेरी, गुजैनी और घाटमपुर समेत सभी थाना क्षेत्रों की सभी घटनाओं का सटीक अनावरण कराने में सफल और अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ आज तक कोई समझौता नहीं करने वाले अपनी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली तथा सरल और शालीन व्यवहार कुशलता के फलस्वरुप आम जनता और मातहतों के बीच भी लोकप्रिय जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा, उनकी विवेकशीलता, उनकी दूरदर्शिता, उनकी व्यवहार कुशलता और उनकी कर्मठता योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार की मंशा को पूर्ण करने में कसर रखती नजर नहीं आती। यही वजह है कि उनकी परिश्रम पूर्ण सक्रियता पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही हर तरह के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी लगातार जुटी हुई है, जिसके तहत अनेक अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल का रास्ता भी दिखाया जा रहा है। जिससे आम जनता पहले से ज्यादा भारी राहत भी महसूस कर रही है।

# शहर में 50 स्थानो पर लगी गणेश जी की झांकियां, घर-घर में विराजे श्री गणेश

### कहीं बाइक पर तो कहीं ट्रैक्टर ट्राली तो कहीं जीप पर सवार होकर पंडाल तक पहुंचे गणेश जी

रायसेन। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर गौरी नंदन भगवान श्री गणेश जी की इस बार शहर में लगभग 50 स्थान पर झांकियां लगाई गई हैं दोपहर से लेकर देर रात तक भगवान श्री गणेश की विधिवत स्थापना के साथ मूर्तियां स्थापित की गई इस दौरान शहर में जय गणेश गणपति बप्पा मोरया आदि जयकारों के साथ भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं को ले जाकर पंडाल में विराजमान किया सुबह से ही मूर्ति कलाकारों द्वारा प्रतिमाओं का विक्रय किया जा रहा था जो की गणेश चतुर्थी के अवसर पर झांकी के सदस्यों द्वारा कहीं बाइक पर तो कहीं जीव पर और कहीं ट्रैक्टर ट्राली से प्रतिमाओं को पंडाल स्थल तक ले जाया गया श्री गणेश उत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में



उत्साह का माहौल नजर आ रहा है 10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव की धूम शहर शहर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने में आ रही है शहर से लेकर गांव गांव में भगवान श्री गणेश जी की झांकियां लगाई गई हैं जहां प्रतिदिन पूजा महा आरती भजन कीर्तन के आयोजन संपन्न होंगे।

# उपराष्ट्रपति ने संसद के नए सदनों को हमारे लोकतंत्र के मंदिर का पवित्र गर्भगृह बनाने का आग्रह किया

भारत की संसद की समृद्ध विरासत के अनुरूप आज सेंट्रल हॉल में एक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संसद सदस्य नई इमारत में प्रवेश से पूर्व इस ऐतिहासिक भवन को विदाई देने के लिए एक साथ यहां आए थे।

सेंट्रल हॉल में सांसदों को अपने संबोधन में, उपराष्ट्रपति ने इस परिवर्तन को 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' से 'ट्रिस्ट विद मॉडर्निटी' तक की यात्रा बताया और सभी सदस्यों से भारत @2047 की ऐतिहासिक यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद भवन के पवित्र परिसर ने अपनी सात दशक लंबी यात्रा में कई महत्वपूर्ण पडाव देखे हैं जो एक अरब से अधिक लोगों के दिलों की आकांक्षाओं के साथ गुंजाएमान रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संसद की नई इमारत न केवल एक "वास्तुशिल्प चमत्कार" है, बल्कि "आत्मनिर्भर भारत के आर्विभाव का प्रमाण" भी है, श्री धनखड़ ने कहा कि यह न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता का प्रतिबिंब है बल्कि यह "राष्ट्रीय गौरव, एकता और विविधता" का एक सुनहरा प्रतीक भी है।

संविधान सभा के कामकाज के दौरान देखी गई मयार्दा और स्वस्थ बहस को याद करते हुए श्री धनखड़ ने कहा "हमारे संस्थापकों के अनुकरणीय आचरण का अनुसरण करने" की आवश्यकता पर बल दिया।

संसदीय कार्रवाई में बाधा पहुंचाने और व्यवधान को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताते हुए राज्यसभा सभापति ने नए संसद भवन में सहयोग और आम सहमति की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी से "राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखने" का संकल्प लेने का आग्रह करते हुए संसद के नए सदनों को हमारे लोकतंत्र के मंदिर का गर्भगृह बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि संसद की नई इमारत भारत मंडपम और यशोभूमि बुनियादी ढांचे की उत्कृष्ट इमारते हैं जो विश्व की सर्वश्रेष्ठ इमारतों से प्रतिस्पर्धा कर रही है। ये प्रतिष्ठित स्थल भारत के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत वैश्विक विमर्श को परिभाषित कर रहा है। आज भारत जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास के लिए "एजेंडा-निर्धारक" के रूप में उभर रहा है। श्री धनखड़ ने भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कुशल जन-केंद्रित दृष्टि, उत्साह, अटूट समर्पण और अनुकरणीय निष्पादन के लिए नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार नौकरशाही के योगदान की भी प्रशंसा की।

# बिरसा पहुंची बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा, फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत

### हिंदू समाज में शौर्य का जागरण करने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(20 सितंबर )बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा मंगलवार को बिरसा पहुंची इस यात्रा में नगर के बजरंग दल के पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता शामिल हुए।यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी जिसका लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा प्रभारी जिला संयोजक दीपक शरणागत के मार्गदर्शन में इन प्रखंड से होकर जागरण यात्रा लामता,परसवाड़ा उकवा, भंडेरी, बैहर नगर, गढ़ी होते हुए मंगलवार को नगर प्रखंड मलाजखंड प्रखंड बिरसा में आगमन हुआ, जहाँ पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा प्रभारी दीपक शरणागत ने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा नगर और गांवों तक निकाली जा रही है इस यात्रा का उद्देश्य हिंदू युवाओं में शौर्य जागरण करना है,जिससे आने वाले समय में हिंदू समाज पर व हिंदुओं



के ऊपर हो रहें हमलो के विरोध स्वरूप बजरंग दल द्वारा हिंदू समाज और हिंदू युवाओं में शौर्य का जागरण हो इस उद्देश्य यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा पूरे जिले में निकाली जा रही है जो शहर और गांव होती हुई मंगलवार को बिरसा पहुंची, यहां से विभिन्न ग्रामों से होकर यात्रा का समापन दुर्गा मंदिर बिरसा में किया जायेगा। शौर्य जागरण यात्रा में इनका रहा सराहनीय योगदान-बजरंग दल जिला संयोजक दीपक शरणागत , जिला उपाध्यक्ष दिनेश बोपचे, जिला मंत्री चेतन मरकाम, जिला शाह मंत्री मन्नू वंशपाल,कार्यकर्ता पप्पू गौतम, जिला कोषाध्यक्ष आशीष अवधिया, प्रमोद जी, बजरंग दल जिला सहसंयोजक रुपेश बंजारा एवं सभी प्रखंड के समितियां एवं कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# घर घर एवं पंडालों में विराजे रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश, दस दिन होगी पूजन आरती

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(20 सितंबर )जिले में मंगलवार से गणेश चतुर्थी पर्व बहुत धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।सोमवार रात से ही पंडालों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो मंगलवार की सुबह तक प्रतिमाओं की स्थापना की गई। गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर पिछले एक महीने से शहर में जगह-जगह भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं कलाकारों के द्वारा बनाई जा रही थी।सोमवार को दिन भर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को लाने का सिलसिला जारी रहा।सोमवार से लोगों ने मिट्टी से बनी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं लाकर घरों में स्थापित की। इसके अलावा शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर पंडाल सजाकर गणेश प्रतिमाओं को



स्थापित किया गया है। सोमवार देर रात तक पंडालों में प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला चलता रहा। अगले 10 दिनों तक पंडालों और घरों में भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान गणेश पंडालों और मंदिरों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मंदिरों में हुआ अभिषेक और पूजन**

गणेश चतुर्थी पर्व के चलते शहर के प्रमुख गणेश मंदिरों विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। सुबह से ही मंदिरों में विधि विधान से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन किया गया।लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

# बैंक से निकलते ही दंपत्ति से करीब साढ़े तीन लाख रुपए की हुई लूट,दीनदहाड़े हुई लूट से सहमी जनता

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(20 सितंबर )जिले में हो रही चोरी डकैती से जनता सहम सी गयी है। आये दिन शहर में हो रही चोरियो ने जनता की नींद हराम कर दिया है। रविवार को कोतवाली क्षेत्र में चार लाख से अधिक की चोरी का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि मंगलवार दोपहर एक दंपति के साथ लूट की घटना हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बघोली के उपसरपंच देवराम मेहरकर मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे सेंट्रल बैंक आए थे। उन्होंने बैंक से तीन लाख चालीस हजार रुपये निकाले और अपनी पत्नी रामबती मेहरकर के साथ घर की ओर जाने लगे कि अचानक मोटरसाइकिल से दो बदमाश आए और उनका पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। एकाएक हुई इस घटना से मेहरकर दंपत्ति कुछ समझ पाते इसके पहले लुटेरे फरार हो गए और देर के लिए दंपत्ति सुन्न हो गए।



बदमाशों का उन्होंने कुछ दूर पीछा किया और शोर मचाया, लेकिन इससे पहले कि बदमाश हाथ आते, वो तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल में फरार हो गए। लूट की घटना करने वाले बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को प्राप्त हुआ। इसमें बाइक पर बैठा एक बदमाश नकाब पहना है जबकि बाइक चला रहा दूसरा बदमाश बिना नकाब के था। कोतवाली, नवेगांव, लालबर्रा सहित अन्य स्थानों में हो रही चोरी व लूट की घटनाओं से एक तरफ जहां लोग डरे हुए हैं, वहीं बढ़ती घटनाएं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और गश्त पर सवालिया निशान खड़ी कर रही है।हालांकि दिन दहाड़े हुई लूट का शीघ्र ही पदार्फाश करने का पुलिस दावा कर रही है जो आने वाले समय में पता चलेगा।

# फतेहपुर बाजार के व्यवसाईयों ने सड़क के दोनों छोर पर नाली निर्माण की मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल कुमार गोस्वामी**

फतेहपुर,जामताड़ा (झारखण्ड )

फतेहपुर बाजार के व्यवसाईयों ने सड़क के दोनों छोर पर नाली निर्माण की मांग को लेकर एक मांग पत्र झारखंड विधानसभा अध्यक्ष स्थानीय विधायक रवींद्रनाथ महतो को मंगलवार को सौंपा। मंगलवार को खिजुरिया में एक कार्यक्रम के दौरान फतेहपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अरविंद मंडल के नेतृत्व में व्यवसायियों ने यह मांग पत्र स्पीकर को दिया ।सैकड़ो व्यवसाईयों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र में बताया गया कि फतेहपुर मोड़ से लेकर उच्च विद्यालय तक पीसीसी का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इस पुनर्निर्माण से यातायात की सुगमता तो होगी लेकिन दोनों छोर पर नाली नहीं होने के कारण सभी दुकानदारों सहित ग्रामीणों को बारिश के समय काफी परेशानी



का सामना करना पड़ेगा ।आवेदन के माध्यम से कहा गया कि रोड का पानी निकासी हेतू उचित प्रबंधन नहीं होने के कारण यह संभव है कि रोड का पानी लोगों के घरो में घुस सकता है, जिससे आम जनमानस की दैनिक जीवन प्रभावित होगी। मांग किया गया कि फतेहपुर मोड़ से रिलायंस टावर तक रोड के दोनों बगल में नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए।

# आगामी त्योहारों को लेकर सालेटेकरी पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक का किया गया आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(20 सितम्बर)आगामी त्योहारों को लेकर बिरसा पुलिस थाना अंतर्गत आने वाली सालेटेकरी पुलिस चौकी प्रभारी डी एस धुर्वे के नेतृत्व में मंगलवार को गणमान्य नागरिकों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाने को लेकर चर्चा की गयी।नवागत चौकी प्रभारी डी एस धुर्वे ने कहा कि वैसे तो यह क्षेत्र शांत ही है और यहां के निवासी भी शांति प्रिय एवं समझदार है जिन्हे कुछ बताने या समझाने की जरुरत नहीं है लेकिन फिर सतर्कता जरुरी है, मयार्दा एवं नियम के तहत ही त्योहारों को मनाया जाय जिसकी अपेक्षा सभी को है। बैठक में प्रमुख रूप से बीडीसी,लालपुर, सालेटेकरी, रघोली एवं बहेराभाटा की सरपंच,



स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं चौकी प्रभारी डी एस धुर्वे व सभी स्टॉफ उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से त्योहारों को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गयी।

# कांड्रा - चौका हाईवे में मां तारा होटल का शुभारंभ भाजपा नेता बास्को बेसरा ने फीता काटकर किया उद्घाटन।

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर सरायकेला खरसावां (झारखंड) 19 सितंबर 2023ःझ सस्ते और किफायती दरों पर व्यंजनों का लुफ्त अब कांड्रा चौका मुख्य मार्ग में अवस्थित गिद्धीबेड़ा टोल के समीप मां तारा होटल में ले सकते हैं। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर



पर मां तारा होटल का शुभारंभ क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी सह भाजपा नेता बास्को बेसरा के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश हांसदा भी मौजूद थे। आपको बता दे की मां तारा होटल के प्रोपराइटर अजीत सिंह ने बताया कि सस्ते दरों पर उच्चतम कोटि का व्यंजन ग्राहकों को मिलेगा। साथ ही स्थानीय ग्राहकों के साथ-साथ अधिक दूरी के ट्रैकों और बसों के लिए मां तारा होटल में उच्चतम व्यवस्था की गई है। उद्घाटन समारोह में जलेश्वर सिंह, कांड्रा पंचायत के पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, राजन साव, अधिवक्ता राकेश वार्ष्णेण, मनोरंजन नदी, सुरज नमन, केशव महतो, दिनेश महतो, बाबु मिश्रा, नगीना यादव, कामदेव महतो, सुखदेव सिंह सरदार, चेतन मुर्मू, उदय आदित्यदेव, अनिल आदित्यदेव, विशु महतो, संजीत मिश्रा, नागेश्वर गोप, उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के बाद सभी अतिथियों द्वारा स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया।

# विधायक ने बेलटांड़ में किया गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन, कलश यात्रा के साथ पूजा-अर्चना शुरू

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : युवा सांस्कृतिक मंच द्वारा पटमदा के बेलटांड़ में बनाये गए भव्य



पूजा पंडाल का मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, मिलन दास, रामपद महतो व राधारमण दास के अलावे पुरोहित शक्तिपद मुखर्जी, युवा सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष महावीर महतो, सचिव विश्वामित्र दास, कोषाध्यक्ष परमेश्वर गोप, आशीष दास, अजय मंडल, अंकुर महतो, प्रदीप कुंभकार, सनातन मंडल, असीम गोराई, उपेंद्र महतो, महेश्वर दास, विलास महतो व विकास मंडल आदि मौजूद थे।

उद्घाटन के पश्चात विधायक मंगल कालिंदी ने गणेश भगवान की आराधना करते हुए मंगल कामना की। सुबह करीब 10 बजे पूजा मंडप से कलश यात्रा निकाली गई और लावा के रांगाबांध तालाब से कलश लाकर स्थापना की गई एवं पूजा-अर्चना भी शुरू हुई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दूसरी ओर झामुमो नेताओं ने बांसगड़ गांव में आयोजित गणेश पूजा में शामिल होकर फीता काटकर मंडप का उद्घाटन किया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता राजू कर्मकार व दीनू रजक आदि मौजूद थे।

# भारतीय कृषि में क्रांतिकारी बदलाव: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने किसानों के लिए गेम-चेंजिंग पहल का अनावरण किया

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज नई दिल्ली में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में कृषि-ऋण (केसीसी और एमआईएसएस) और फसल बीमा (पीएमएफबीवाई/आरडब्ल्यूबीसीआईएस) पर केंद्रित पहल का अनावरण किया। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने तीन पहलें शुरू कीं, किसान ऋण पोर्टल (केआरपी), मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम (हक्ठ्उ) पर मैनुअल, केसीसी घर-घर अभियान, एक महत्वाकांक्षी अभियान जिसका लक्ष्य देश भर के प्रत्येक किसान तक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का लाभ पहुंचाना है। इन पहलों का उद्देश्य कृषि में क्रांति लाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ाना, डेटा उपयोग को अनुकूलित करना और देशभर में किसानों के जीवन में सुधार करना है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती निर्मला सीतारामन ने घर-घर केसीसी अभियान की सफलता के लिए बैंकों के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों को आसान अल्पकालिक ऋण सुनिश्चित करने और इस योजना से जुड़ने के लिए केसीसी योजना के तहत पर्याप्त धन आवंटित किया है। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की पहल और सफल कार्यान्वयन के लिए कृषि मंत्रालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब तक किसानों को 29,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रीमियम राशि के मुकाबले 1,40,000 करोड़ रुपये से अधिक की बीमा राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने चावल और गेहूं की फसल के उत्पादन के वास्तविक समय के अनुमान की भी सराहना की और इस अनुमान को दलहन और तिलहन की फसलों तक बढ़ाने का आह्वान किया ताकि जरूरत पड़ने पर उनके आयात के लिए बेहतर योजना बनाई जा सके।

वित्त मंत्री ने कहा कि फसलों के वास्तविक समय आकलन से अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी और फसल सीजन के अंत में किसानों के लिए सही कीमतें सुनिश्चित होंगी। श्रीमती सीतारामन ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के पूर्ण स्वचालन का भी आह्वान किया और वित्तीय सेवा विभाग को इन बैंकों के लिए ऋण मंजूरी और ऋण वितरण के बीच अंतर का अध्ययन करने का निर्देश दिया।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में वर्तमान सरकार द्वारा कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दिए गए महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्रालय का बजट वर्ष 2013-14 में 23,000 करोड़ रु. से बढ़कर 2023-24 में 1,25,000 करोड़ रुपये हो गया है। हक्ठ्उ मैनुअल के बारे में बात करते हुए श्री तोमर ने कहा कि इसका उद्देश्य वास्तविक समय की मौसम की जानकारी सुनिश्चित करना है ताकि किसान सही समय पर अपनी फसलों के लिए सावधानी बरत सकें। श्री तोमर ने कहा कि कृषि के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग और पारदर्शिता महत्वपूर्ण है और इस सरकार ने इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 9 करोड़ लाभार्थी हैं और केसीसी घर-घर अभियान का उद्देश्य लगभग 1.5 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ना है जो अभी तक केसीसी योजना से नहीं जुड़े हैं। श्री तोमर ने कोरोना महामारी के दौरान भी किसानों को लगभग 2 करोड़ केसीसी प्रदान करने के लिए वित्त मंत्रालय और बैंकों को धन्यवाद दिया। श्री तोमर ने जोर देकर कहा कि यह कृषि और ग्रामीण क्षेत्र ही था जिसने कोरोना महामारी के दौरान भी अर्थव्यवस्था को चालू रखा।

### लगाया 45 हजार रुपये प्रति दोषी जुमार्ना

# व्यक्ति का अपहरण कर हत्या व तारकोल प्लॉट में डालने वाले 6 दोषियों को आजीवन कारावास

विनोद कश्यप प्रभारी,
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/
पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के जींद में सेशन जज रितू गर्ग की अदालत ने व्यक्ति का अपहरण कर हत्या करने, तारकोल के प्लांट में डालने के जुर्म में छह लोगों को उम्र कैद व 45-45 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने पर दोषियों को एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

हरियाणा के जींद के कालवा गांव में वर्ष 2019 में व्यक्ति की हत्या कर तारकोल के बॉयलर में डालने के छह दोषियों को रितु गर्ग की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त सभी दोषियों पर अलग-अलग 45 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया। इसमें अदालत ने कालवा गांव निवासी विजेंद्र, जितेंद्र, बादल, दीपक, धर्मेंद्र, रविंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

कालवा गांव निवासी अजय ने पिल्लूखेड़ा पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 21 मार्च 2019 को वह अपने पड़ोसी मनजीत के साथ गांव के साथ लगते पीर पर पूजा करने के लिए गए थे। उसी समय गांव के जितेंद्र, बादल, बिजेंद्र, दीपक, धर्मेंद्र, रविंद्र उर्फ मरिंडा ने उनके साथ मारपीट की। बाद में वह और उसका भाई सोनू व पिता धर्मपाल इसकी शिकायत करने के लिए आरोपियों के घर गए थे, जहां पर उनके साथ फिर से मारपीट की गई।

इसी दौरान उनके पिता घर से लापता हो गए और उन्हें आरोपियों ने कहीं बंधक बनाकर रख लिया। पुलिस ने इस पर सभी आरोपियों के खिलाफ मारपीट व अपहरण का केस दर्ज किया। बाद में अजय और उनके परिजन धर्मपाल की बरामदगी व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले थे।

एसपी ने डिटेक्टिव स्टाफ को मामले की जांच सौंपी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनसे पूछताछ की तो धर्मपाल की हत्या कर शव को बॉयलर में डालने की पुष्टि हुई तो पुलिस आरोपियों को लेकर प्लांट में पहुंची और बॉयलर को गैस कटर से काटकर धर्मपाल के शव को बरामद कर लिया था। उसी समय से यह मामला अदालत में विचाराधीन था। इस मामले में रितु गर्ग की अदालत ने सुनवाई करते हुए छह दोषियों विजेंद्र, जितेंद्र, बादल, दीपक, धर्मेंद्र, रविंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# अदालत उसे सम्मानजनक तरीके से पुकारे, गैंगस्टर या आतंकी का न दिया जाए नाम

विनोद कश्यप, प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा,
पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 20 सितम्बरः कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से एक बार फिर न जाने कितनों के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं। जानकारी है कि, लॉरेंस बिश्नोई ने एन.आई. ए.कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर यह मांग की है कि उसे गैंगस्टर या आतंकी न बुलाया जाए। मसलन, लॉरेंस यह चाह रहा है कि, उसे भी सामान्यता सिर्फ उसके नाम से ही बुलाया जाए। उसके नाम के आगे न तो गैंगस्टर या आतंकी लिखा जाए और न ही इन शब्दों के साथ उसका नाम कोई पुकारे।

लॉरेंस का कहना है कि, एक आरोपी के रूप में उसके अधिकारों को किसी भी संबन्धित अदालत के समक्ष सम्मानजनक नहीं माना गया है और उसे एक गैंगस्टर की उपाधि दी गई है। और अब हाल यह है कि उसे आतंकी भी कहा जाने लगा है। लॉरेंस ने कहा कि, उसे कोई गैंगस्टर या आतंकी कहे यह उसे अच्छा नहीं लगता. इस पर उसे कड़ी आपत्ति है। लॉरेंस ने कहा कि, वह मातृभूमि से बहुत प्यार करता है और अगर उसे कभी न्याय मिला तो वह देश के लिए ही जिएगा और देश के लिए ही मरेगा।

लॉरेंस ने यह भी खुलासा किया है कि, भारत के नागारिक के रूप में उसके कीमती अधिकारों को छीना नहीं जाना चाहिए। इसलिए उसकी दाखिल याचिका के संबंध में एक आदेश पारित किया जाए। लॉरेंस ने यह भी कहा कि, वह लगभग 10 सालों से जेल में हैं और विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा उसे विभिन्न मामलों में लगातार फंसाया गया है।

लॉरेंस की धमकी का असर,जिसके हैं कई खरीददार

हाल ही में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया था। लॉरेंस बिश्नोई का कहना है कि, नेता से लेकर तमाम कारोबारी उसे और उसके गैंग को खुद फोन करते हैं और कहते हैं उन्हें धमकी दी जाए। लॉरेंस बिश्नोई कहता है कि, हमारी तरफ से धमकी मिलने से उन्हें पुलिस की अच्छी-खासी सिक्योरिटी मिल जाती है। लॉरेंस बिश्नोई ने बताया कि, नेता और कारोबारी पुलिस सिक्योरिटी पाने के लिए उससे धमकी के बदले उसे खुद पैसे देते हैं।

### लारेंस बिश्नोई ने एन.आई.ए. के समक्ष किया कबूल

रिपोर्ट्स के अनुसार, नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी की कस्टडी में पूछताछ के दौरान लॉरेंस बिश्नोई ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया। एन .आई .ए. ने खालिस्तानी संगठनों को फंडिंग से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए अप्रैल में बिश्नोई को कस्टडी में लिया था और उससे लंबी पूछताछ की थी। जहां इस दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई कई ऐसी बातें बताता चला गया जो कि चौंका देने वाली थीं। उसने रंगदारी के भी राज खोले।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लॉरेंस बिश्नोई ने बताया कि वह हर महीने ढाई करोड़ रुपये की रंगदारी वसूलता था।



शराब डीलरों, कॉल सेंटर के मालिकों, ड्रग सप्लायर्स और रियल एस्टेट बिजनेसमैन से हर महीने वसूली की जाती है। इस दौरान ही गैंगस्टर ने यह दावा किया कि कई सारे नेता और बिजनेसमैन उसे धमकी भरे कॉल करने के लिए खुद ही कहते हैं ताकि उन्हें पुलिस सिक्योरिटी मिल सके। इसके बदले वह खुद से पैसे देते हैं।

### अलग-अलग राज्यों में गैंगस्टरों से तालमेल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लॉरेंस बिश्नोई ने आगे बताया कि उसने और उसके गैंग ने अलग-अलग राज्यों में गैंगस्टरों से तालमेल बैठा रखा है। जो कि 'सिक्योरिटी के इस कारोबार' में उसका साथ दे रहे हैं। जिसके बदले उन्हें डील के मुताबिक कमीशन जाता है। बिश्नोई ने तो एन .आई .ए. को बताया कि उसने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के गैंगस्टर्स के साथ डील कर रखी है। लॉरेंस बिश्नोई के अनुसार, अगर किसी विरोधी को खत्म भी करवाना होता है तो आपस में शूटर्स और हथियार भी शेयर करते हैं। बताया जाता है कि, एन. आई .ए. ने पूछताछ में सामने आई इन्फॉर्मेशन गृह मंत्रालय को भेज दी है।

### खालिस्तान के खिलाफ है लॉरेंस बिश्नोई

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एन. आई. ए. द्वारा खालिस्तानी संगठनों को फंडिंग के सिलसिले में की गई पूछताछ को लेकर लॉरेंस बिश्नोई ने कहा कि, वह खालिस्तान और खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ है। वह खालिस्तान के खिलाफ बगावत करता है। लॉरेंस का कहना है कि वह सिर्फ अपने साथी अपराधियों के साथ मिलकर अपना अपराध का व्यापार चलाना चाहता है। लॉरेंस बिश्नोई ने कहा कि, वह डी-कंपनी और दाऊद इब्राहिम के खिलाफ भी है।

### सलमान खान टारगेट पर

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का कहना है कि, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान उसके टारगेट पर हैं। वह सलमान खान को मौका आने पर खत्म कर देगा। लॉरेंस बिश्नोई ने कहा कि, सलमान खान ने काले हिरण का शिकार किया। बिश्नोई समाज में काले हिरण को काफी पवित्र माना जाता है। सलमान खान को पूरे बिश्नोई समाज से माफी मांगनी चाहिए और समाज के एक मंदिर में आकर क्षमा याचना करनी चाहिए। लेकिन सलमान खान ऐसा करने को तैयार नहीं। इसलिए वह सलमान खान को मारेगा। बतादें कि, लॉरेंस बिश्नोई पहले भी ऑन कैमरा सलमान खान को मारने की धमकी दे चुका है। यहां तक की लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान की रेकी भी की थी और एक पत्र लिखकर छोड़ा था। सलमान खान की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है।

### सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी है लॉरेंस बिश्नोई

आपको यह भी ध्यान रहे कि, लॉरेंस बिश्नोई पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी है. लॉरेंस बिश्नोई की प्लानिंग से ही उसके गैंग ने सिद्धू की हत्या की। 29 मई को सिद्धू को मानसा इलाके में मौत के घाट उतार दिया गया था। हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गोल्डी बराड़ ने पूरी जिम्मेदारी ली थी। गोल्डी बराड़ का कहना है कि, सिद्धू मूसेवाला में घमंड बहुत आ गया था। उसने हमारा कुछ नुक्सान भी किया। इसलिए उसे मार दिया। गोल्डी बराड़ ने सलमान खान को भी मारने की बात कही है।

## पंजाब के संगरूर क्षेत्र में निजी बस के नहर में गिरने से मचा हड़कंप, 4 की मौत और अनेक घायल



अदिति गौड़ कार्यालय
संवाददाता
दैनिक समाज जागरण
पंजाब,हरियाणा/ चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः पंजाब के संगरूर जिला में एक बस के नहर में गिर जाने से भयंकर हादसा हुआ है। इस हादसे में 4 यात्रियों की मौका पर मौत हुई है। बताया गया है कि इस दुर्घटना में अनेक यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए निजी और सरकारी अस्पतालों में पहुँचा दिया गया है।

यह निजी बस श्रीमुक्तसर-कोटकपूरा मार्ग पर चल रही थी। उस दौरान बारिश में बस के तेजी से चलने की सूचना भी है। परन्तु अब तक ज्ञात नहीं हो पाया है कि बस के नहर में गिरने का क्या कारण रहा है।

# हरियाणा के नूंह हिंसा का मामला

### बिना सबूत पुलिस के धारा 180 लगाकर कांग्रेसी विधायक मामन खान को भिजवाया 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

असल तौर पर मामला है राजनीतिक खेल का- वकील टीएच देवला

विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा/पंजाब

चण्डीगढ़, 19 सितम्बरः\ हरियाणा में हुई नूंह हिंसा के मामले में गिरफ्तार हुए फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को सीजेएम जोगेंद्र सिंह की कोर्ट में आज पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। विधायक मामन अब नूंह जेल में बंद रहेंगे। कोर्ट में दोनों पक्षों के बीच तकरीबन 20 मिनट बहस हुई, इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कांग्रेस विधायक पर नूंह हिंसा में दर्ज केसों की जांच कर रही पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का आरोप है कि कांग्रेस विधायक सहयोग नहीं कर रहे हैं।

एस. आई. टी. के अधिकारियों का कहना है कि मामन खान ने अपने दर्ज बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। इससे जांच पूरी होने में दिक्कतें आ रही हैं। कोर्ट में शिकायत के बाद एसआईटी ने विधायक पर इन्डियन पैनल कोड की धारा 180 (कानूनी रूप से आवश्यक होने पर एक लोक सेवक को दिए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

# जींद शहर के विभिन्न मार्गों को जोड़ने वाला रिंग रोड़ की तैयारी

### 10 गाँवों से होकर गुजरने वाले इस मार्ग से रोहतक से नरवाना की यात्रा होगी आसान और लोगों को जाम से मिलेगी राहत

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण
हरियाणा/ पंजाब/चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा सरकार सड़क व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक कदम उठा रही है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए अनेक योजनाओं पर काम भी चालु है। इस बीच जींद जिले में रिंग रोड तैयार करने का काम शुरू हो गया है`।

ज्ञातव्य है कि इस प्रोजेक्ट की घोषणा सात वर्ष पहले की गई थी लेकिन देर सवेर अब जाकर इस पर काम शुरू हो गया है। इसकी डीपीआर तैयार हो गई है`।

### जानिए कहाँ कहां से गुजरेगा ये रोड

बता दें यह नरवाना रोड से रोहतक रोड में मिलने वाला रिंग रोड शहर से लगते लगभग 10 गांवों से होकर गुजरेगा` इसी के साथ शहर से जाने` वाली सभी मुख्य सड़कें इससे जुड़ेगी। जिससे वाहन चालकों को शहर में एंट्री की जरूरत नहीं पड़ेगी और बाहर से ही किसी भी हाइवे पर आसानी से जा सकेंगे। शहर में जाम से राहत मिलेगी`।

जींद में यह रिंग रोड बनने के अनेक फायदे होंगे। इससे एक सड़क से दूसरी सड़क पर जाने के लिए वाहनों को शहर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही सबसे बड़ी बात शहर को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। यही नहीं रिग रोड से शहर` विकास की ओर रफ्तार पकड़ेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

# बाईक पर सवार युवकों ने बाजार में गोलियां चलाकर एक फाईनेन्सर को किया जख्मी

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक
समाज जागरण हरियाणा/पंजाब

चण्डीगढ़, 19 सितम्बर हरियाणा के रेवाड़ी शहर के सेक्टर-3 की मार्केट में सोमवार देर शाम अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग करते हुए मार्केट के दुकानदारों को बेचैन कर दिया। गोलियों के चलने की आवाज सुनकर आसपास के एरिया में भी हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोली फाइनेंस का कार्य करने वाले युवक को लगी है, जिसको एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी ' जानकारी के अनुसार गांव संगवाड़ी निवासी विशाल सेक्टर-3 में अपने एक साथी के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान बाइक पर आए बदमाशों ने विशाल पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि गोली विशाल को सीने में लगी है। उसे एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन पुलिस व सीआईए की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गोली चलाने वाले लोगों को काबू करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस अभी आरोपियों का सुराग नहीं लगा पाई है।

# विधायक के वकील ने कहा- कोई सबूत नहीं मिला, मोनू के बदले बलि का बकरा बनाया

दैनिक समाज जागरण

कांग्रेस विधायक मामन खान के वकील ताहिर हुसैन देवला ने बताया कि कांग्रेस विधायक की पेशी 137 नंबर एफआईआर में की गई है। पुलिस ने ही ज्यूडिशियल कस्टडी की डिमांड की थी, जिस पर कोर्ट ने विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

देवला ने बताया कि पुलिस ने अब तक जो भी तथ्य दिए हैं, उनमें विधायक के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। कोर्ट में हमारी ओर से पहले भी यह कहा जा चुका है कि विधायक को गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। यह पॉलिटिकल मोटिव वाला केस है। मोनू मानेसर केस को प्रयोग करके कांग्रेस विधायक को बलि का बकरा बनाया गया है। अब वे जमानत के आवेदन के लिए कार्रवाई करेंगे।



# पंजाब के मुक्तसर में नहर में 60 यात्रियों से भरी गिरी बस 5 मरे, 10 लापता

विनोद कश्यप प्रभारी,
दैनिक समाज जागरण

चण्डीगढ़, 19 सितम्बरः पंजाब के मुक्तसर स्थित नहर में 60 यात्रियों से भरी बस गिर गई है। ताजा जानकारी मिलने तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 10 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं, वहीं 10 लोग अब भी लापता हैं। बाकी, 45 लोगों को बचा लिया गया है। ड्राइवर और कंडक्टर बच गए हैं।



### घटना का कारण

बताया जा रहा है कि पंजाब के मुक्तसर में भारी बारिश हो रही है जिस वजह से बस फिसलकर नहर में गिर गई। वहीं, दीप बस सर्विस के मालिक हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने बताया कि एक कार आगे चल रही थी, उसी कार से टक्कर होने से बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने ब्रेक लगा दी, जिसके चलते बस फिसल गई और नहर में गिर गई। यह बस मुक्तसर-कोटकपूरा रूट पर थी तभी ये हादसा हुआ।

### आस-पास के गांव के लोग मौके पर पहुंचे

दुर्घटना की जानकारी लगते ही आस-पास के गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। इनमें से जो तैरना जानते थे उन्होंने पानी में छलांग लगा दी। जिसके तुरंत बाद रस्सी के सहारे बचाव का काम शुरू कर दिया गया। कुछ ही देर में बचाव दल भी मौके पर पहुंच गया। हालांकि, 10 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं, जिन्हें तलाश करने की पूरी कोशिश की जा रही है। मौके पर पुलिस और विधायक भी मौजूद हैं।

## हरियाणा सरकार का पूंडरी के फतेहपुर में महासंग्राम योजना के तहत 16 करोड़ 12 लाख लागत का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का ऐलान

विनोद कश्यप प्रभारी,
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/
पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 19 सितम्बरः हरियाणा सरकार ने जिला कैथल के ब्लॉक पूंडरी के गांव फतेहपुर में महाग्राम योजना के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का निर्णय लिया है। इस पर लगभग 16.12 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस संबंध में आज मंजूरी प्रदान की। श्री मनोहर लाल ने कहा कि बड़े गांवों में लोगों को एक मजबूत सीवरेज प्रबंधन प्रणाली प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि महाग्राम योजना के तहत 2011 की जनगणना के अनुसार 10,000 या उससे अधिक आबादी वाले गांवों को सीवरेज सुविधाएं प्रदान करना है। 2011 की जनगणना के आधार पर गाँव फतेहपुर की जनसंख्या 14,612 है और इसलिए यह गांव सीवरेज प्रणाली के मानदंड पूरा करता है। प्रवक्ता ने बताया कि एक मजबूत सीवरेज प्रणाली प्रदान करने के लिए 39.255 किलोमीटर की कुल लंबाई के 200 एमएम से 450 एमएम आकार के एसडब्ल्यू/आरसीसी पाइप बिछाने का प्रस्ताव है। यह परियोजना नाबार्ड की सहायता से लगभग 32.18 करोड़ रुपये की लागत से कार्यान्वित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सीवरों में अन्य पदार्थों के प्रवेश को कम करने के लिए इंटरसेप्टिंग चैंबर का प्रावधान भी किया गया है, ताकि सीवरेज प्रणाली प्रभावित न हो। इसके अलावा, सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एसबीआर) की तकनीक पर आधारित 3 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का भी प्रस्ताव है। इस सीवरेज योजना के पूरा होने के बाद बेस ईयर की 17,827 आबादी तथा 15 साल की अवधि के लिए संभावित 26,741 आबादी को लाभ होगा।

# हरियाणा की सभी सहकारी चीनी मिलों में नवम्बर से पिराई हो रही शुरू- बनवारीलाल

### किसानों के लिए सरकार ने मुहैया कराई हैं आवश्यक सुविधाएं

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण,
हरियाणा/पंजाब व चण्डीगढ़

चंडीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि राज्य की सभी सहकारी चीनी मिल नवम्बर माह से गन्ने की पिराई का कार्य शुरू कर देंगी। इसके अलावा किसानों को बिक्री के लिए गन्ना लाने में ज्यादा समय तक इंतजार न करना पड़े। इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।



सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल चण्डीगढ़ में राज्य स्तरीय शुगर फैडरेशन सहकारी ...ों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए। (19.09.2023)

सहकारिता मंत्री आज यहां राज्य स्तरीय शुगर फेडरेशन सहकारी चीनी मिल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजपाल सिंह, महानिदेशक श्री संजय जून, प्रबंध निदेशक श्री जे गणेशन सहित सभी चीनी मिलों के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी` मौजूद रहे।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि किसानों के मोबाईल पर संदेश आएगा तभी वह गन्ना मिल में लेकर आएगें। इसके साथ ही मिलों में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ने के भुगतान की राशि समय पर मिलें। इसके लिए सरकार ने पुख्ता प्रबंध किए हैं। पिछले सीजन की गन्ने की सभी बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है।डा. बनवारी लाल ने कहा कि चीनी मिलों की क्षमता और चीनी उत्पादन बढाने के प्रयास किए जा रहे हैं। शाहाबाद की चीनी मिल में 100 करोड़ रुपए की लागत से एथनोल प्लांट लगाया गया है। पानीपत में भी एथनोल प्लांट लगाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसी माह 24 सितम्बर को इस प्लांट के टैण्डर खुलेंगे। महम व कैथल चीनी मिल में एथनोल प्लांट लगाने की क्षमता 2500 से 3000 टीडीसी करना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी सहकारी चीनी मिलों में कलस्टर बनाकर एथनोल प्लांट लगाए जाएगें ताकि चीनी मिलों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके।सहकारिता मंत्री ने कहा कि कई मिलों में रिफाईंड चीनी, बकेटस, कम्पेक्ट बायोगैस आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है। इनसे सुगर मिलों की आय बढेगी।

इसके अलावा चीनी मिलों में प्रैस मड व शक्कर बनाने की सम्भावनाएं तालाशी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि फसल विविधकरण की वजह से इस बार गन्ने की बिजाई 197581 एकड़ भूमि पर की गई है जो पिछले साल की तुलना में 17 प्रतिशत कम हुई है। इस वर्ष 424 लाख किव्टंल गन्ने की पिराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

डा. बनवारी लाल ने कहा कि इस वर्ष चीनी की बिक्री करने में पानीपत चीनी मिल प्रथम, रोहतक चीनी मिल दूसरे व करनाल चीनी मिल तीसरे स्थान पर रही है।` उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर चार अधिकारियों की कमेटी गठित की जाएगी जो बगास बिक्री का रेट निर्धारित करेगी। बगास के लिए चीनी मिलें आपसी सहयोग कर बिक्री करने का कार्य सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि नेफेड की ओर से कैथल में चीनी मिल की भूमि पर सीबीजी प्लांट लगाया जाना प्रस्तावित है।

सहकारिता मंत्री ने सभी चीनी मिलों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों का रखरखाव करने व पार्टस बदलने के लिए कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी जांच कर आवश्यक उपकरण बदलने का कार्य कर रही है ताकि चीनी मिलों पर बेवजह खर्चा न पड़े।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि वीटा के उत्पाद घर घर पहुंचाने के लिए वीटा बूथ देने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में भी वीटा उत्पाद पहुँचाने के लिए डिस्ट्रीब्यूटरशीप बढाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी पैक्स को हार्डवेयर कम्प्यूटराईज करने का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# मानवता की सेवा के लिए भी अवश्य समय निकालना चाहिए : हरीश वर्मा

दैनिक समाज जागरण,

हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा) यदि हम इस लायक हों कि किसी भूखे को भोजन करवा सकें या किसी जरूरतमंद के काम आ सकें तो हमें ऐसा जरूर करना चाहिए क्योंकि स्वयं के बारे में तो हर कोई सोचता है हमें दूसरों के बारे में व मानवता की सेवा के लिए भी अवश्य समय निकालना चाहिए। उक्त वक्तव विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा प्रभारी हरीश वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जरूरतमंदों को पौष्टिक आहार वितरण करने के दौरान कहे। हरीश वर्मा ने कहा कि हम भगवान को भोग लगाते हैं तो जो सारे संसार को भोजन खिलाते हैं हम उसे भोजन क्या खिलाएंगे यह तो बस इंसान की एक श्रद्धा मात्र है जो यह सोचता है कि हम भगवान को भोजन कराते हैं। मेरे हिसाब से अगर भोजन गरीब को खिलाया जाए तो वह ज्यादा अच्छा है भगवान यह देख कर ज्यादा खुश होगा कि मेरा एक बच्चा दूसरे बच्चे की मदद कर रहा है ।

इस अवसर पर हरीश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनकी दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच व बेहतरीन कार्यशैली के चलते भारत को विश्वभर में ख्याति मिली है। उन्होंने कहा कि मिशन चंद्रयान-3 व भारत में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से देश को अंतरराष्ट्रीय पटल पर नई पहचान मिली है। उन्होंने नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारा देश सामरिक दृष्टि से भी सशक्त हुआ है। आज हर क्षेत्र में देश नई ऊंचाईयों को छू रहा है जिसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के प्रति निष्ठा, उनकी दूरदर्शी सोच व देश सर्वोपरि की भावना है। लगन व देशहित की नीतियों के चलते नरेंद्र मोदी जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उनके निर्णयों की सराहना होती है। इस मौके पर हरीश वर्मा के साथ विश्व हिन्दू महासंघ की टीम भी साथ रही।

